रजिस्ट्री सं. डी--(डी एन)--128/89 REGISTERED NO. D--(DN)--128/89

2/2/90

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 49] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 9, 1989 (अग्रहायण 18, 1911)
No. 49] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 9, 1989 (AGRAHAYANA 18, 1911)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

(PART III—SECTION 4)

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

बम्बई- 400021, दिनांक 18 नवम्बर, 1989

सूचना

सं० सी० ओ०/बी०ओ०डी०/पीएण्डएल/153--इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि भारतीय स्टेट बैंक का मुख्य रजिस्टर एवं शाखा रजिस्टर गुरुवार दिनांक 4 जनवरी, 1990 से गुरुवार दिनांक 18 जनवरी, 1990 तक, दोनों दिन सम्मिलित करते हुए, शेयर अंतरण के लिए बन्द रहेंगे ।

विजय अटल,
प्रबन्ध निदेशक

इलाहाबाद बैंक

कलकत्ता- 700 001, दिनांक 30 अक्तूबर 1989

प्रधान कार्यालय

सं० विधि/2/89--बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इलाहाबाद बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के साथ परामर्श करके और केन्द्रीय सरकार की पूर्व संस्वीकृति से इलाहाबाद बैंक (अधिकारी सेवा) विनियम 1979 में संशोधन करके एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है ।

2. संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ (i) यह विनियम इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 कहा जा सकेगा ।

(ii) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगा ।

3. इलाहाबाद बैंक (अधिकारी सेवा) विनियम, 1979 के विनियम 23(i) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा ।

20-8-1988 को और इस तारीख से, यदि वह नीचे दी गई तालिका के कालम 1 में उल्लिखित स्थान पर कार्यरत है

तो उसे उस स्थान के सामने कालम 2 में उल्लिखित दर पर नगर प्रतिपूरक भत्ता मिलेगा ।

स्थान	दर
1	2
(क) क्षेत्र 1 के स्थानों और गोवा राज्य में	मूल वेतन का 10 प्रतिशत किन्तु अधिकतम प्रति माह 200/- रु०
(ख) 5 लाख या इससे अधिक जनसंख्या वाले स्थानों पर और राज्य राजधानियों चंडीगढ़, पांडिचेरी और पोर्टब्लेयर जो कि उपर्युक्त (क) के अन्तर्गत नहीं हैं ।	मूल वेतन का 6 प्रतिशत अधिकतम 120/- रु० प्रति माह।

एम० आर० सर्वाधिकारी
उप महाप्रबन्धक (कार्मिक प्रशासन एवं विधि)

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

मद्रास 600 034, दिनांक 20 नवम्बर, 1989

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

सं० 3-एस० सी० ए० (8)/14/89-90—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों के नाम उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रेक्टिस प्रमाणपत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	20441	श्री एम० डी० सुन्दरराघवन, ए० सी० ए०, पी० ओ० बोक्स नं० 272, मनामा (बहरीन)	25-9-89
2.	26040	श्री बी० नागेश्वरा राव, ए० सी० ए०, एच० नं० 12-10-587/50/17/2 रोड नं० 3, इंदिरानगर कोलोनी, वासवीगुड़ा सिकन्दराबाद-500 361	3-10-89
3.	27569	श्री डी० श्रीधर, ए० सी० ए०, एच० नं० 32, इनकम टैक्स कालोनी, मेहदीपटनम हैदराबाद 500 028 ।	3-7-89
4.	28092	श्री टी० जोनी कुट्टी, ए० सी० ए०, नेल्लीकुन्नाभु हाऊस, चन्नापेट्टा पी० ओ०- 691 311 अंचल (क्यूलोन डिस्ट०)	1-10-89

एस० सी० नरसिम्हन
सचिव

कानपुर-208001 दिनांक 16 नवम्बर, 1989

सं० 3 सी० सी० ए० (4)/(9)/89-90—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम उनके आगे दी गई तिथि से हटा दिया है :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	81241	श्री रामयण गर्ग, 72, धूलेश्वर गार्डेन, सरदार पटेल मार्ग, जयपुर-302 001	23-9-89

एम० सी० नरसिम्हन,
सचिव

दी इंस्टिट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स आफ इन्डिया

कलकत्ता, दिनांक 2 नवम्बर 1989

सं० 18—सी० डब्ल्यू० आर० (204-206)/89—दी कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स रेग्युलेशन्स 1959 के विनियम 18 का अनुसरण कर यह अधिसूचित किया जाता है कि दी इन्स्टिट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स आफ इन्डिया के परिषद् ने कहे हुए रेग्युलेशन्स के विनियम 17 द्वारा दिए गए

अधिकारों का प्रयोग करते हुए (1) श्री एस० एन० मिश्रा, बी० काम ए० आई० सी० डब्ल्यू० ए०, असिस्टेन्ट फाइनेन्स मैनेजर, पी० डी० आई० एल०, सिन्दरी, सी० आई० एफ० टी० विल्ड, सिन्दरी 828122 (सदस्यता संख्या 4320), 23 जून, 1989 से प्रभावित, (2) श्री जी० वी० विश्वनाथ आइयर, बी० एस सी०, ए० आई० सी० डब्ल्यू० ए०, 84, "अर्पना", 8ए, मेन रोड, गंगनहल्ली एच० एम० टी०, ले आउट, बंगलौर-560032, (सदस्यता संख्या 1128) 19 जुलाई 1989 से प्रभावित (3) श्री सेनेन्द्र नाथ दत्ता, बी० काम०, एल एल० बी०, ए० आई० सी० डब्ल्यू० ए०, डिपुटी फाइनेन्स मैनेजर, प्रोजेक्टस एण्ड डेवेलपमेन्ट इन्डिया लि०, सिन्दरी-828122 (सदस्यता संख्या 2861), 1 सितम्बर 1989 से प्रभावित के नामों को सदस्य पंजिका में पुनः स्थापित किया।

प्रवीतबोस,
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 23 अक्तूबर, 1989

सं० आर-12/19/9/84-बीमा-1--समसंख्यक अधि-सूचना दिनांक 16-12-87 का अधिक्रमण करते हुए महा-निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संकल्प दिनांक 14 दिसम्बर, 1980 के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 75 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 54 तथा 54-क के प्रयोजन के लिए भ्रमणशील चिकित्सा बोर्ड का पुनर्गठन निम्न प्रकार किया है:-

1. डा० जी० पी० साराभाई, अध्यक्ष
निदेशक (चि०)
परिवार कल्याण
दिल्ली

डा० जी० पी० साराभाई की अनुपस्थिति में उनकी एवज
डा० (श्रीमती) हेलन सिंह निदेशक (चिकित्सा) दिल्ली
कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल कम्पलैक्स
बसईदारापुर, नई दिल्ली

2. डा० एन० डी० खुराना, सदस्य
विकलांग विज्ञान विभाग,
बीमा चिकित्सा अधिकारी ग्रेड-1
कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल,
बसईदारापुर, नई दिल्ली

3. डा० एस० आर० चौहान, सदस्य
चिकित्सा अधीक्षक,
शल्य विशेषज्ञ,
कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल,
बसईदारापुर, नई दिल्ली

अध्यक्ष को प्राधिकृत किया जाता है कि वे जांच किए जाने वाले बीमाकृत व्यक्ति की बीमारी के आधार पर आवश्यक होने पर किसी भी कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल से विकलांग तथा शल्य विशेषज्ञ के बदले में या के साथ-साथ किसी अन्य विशेषज्ञ को बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित कर सकते हैं।

अधिकारिता

बोर्ड की सम्पूर्ण भारत में सभी क्षेत्रों में अधिकारिता होगी और इसमें वे क्षेत्र भी शामिल होंगे जिनके लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने या विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन ने विशेष चिकित्सा बोर्डों का गठन किया है।

भगवती प्रसाद,
बीमा आयुक्त

नई दिल्ली, दिनांक 27 नवम्बर, 1989

सं० ए-12(11)/13/89-स्थापना-1 (क)--कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 17 की उप धारा (2) के साथ पठित धारा-97 की उप धारा-(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और बीमा निरीक्षक/प्रबन्धक ग्रेड-2 आदि के पद के सम्बन्ध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (भर्ती) विनियम, 1965 का अधिक्रमण करते हुए सिवाय उन मामलों के जहां कोई ऐसा अधिक्रमण करने से पहले किया गया है या करने की वचनबद्धता है, निगम केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से इसके द्वारा बीमा निरीक्षक/प्रबन्धक ग्रेड-2 आदि के पद पर भर्ती की पद्धति के सम्बन्ध में निम्न-लिखित विनियम बनाता है, अर्थात :--

1. i ये विनियम कर्मचारी राज्य बीमा (बीमा निरीक्षक/प्रबन्धक ग्रेड-2 आदि) भर्ती विनियम, 1989 कहे जायेंगे।

ii ये सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण तथा वेतनमान :--

पदों की संख्या, इनका वर्गीकरण तथा इनसे सम्बद्ध वेतन-मान इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची के कालम 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट रूप में होंगे।

3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा तथा योग्यताएं आदि

उक्त पद की भर्ती पद्धति, आयु सीमा, योग्यताएं तथा इससे संबंधित अन्य मामले उक्त अनुसूची के कालम 5 से 14 तक में विनिर्दिष्ट रूप में होंगे।

4. अयोग्यताएं:--

ऐसा कोई व्यक्ति :--

(क) जिसका ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि निगम के महानिदेशक की यह तसल्ली हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह की दूसरी पार्टी पर लागू वैयक्तिक कानून के अन्तर्गत अनुज्ञेय है तथा ऐसा करने के दूसरे आधार भी हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस विनियम के लागू होने से छूट दे सकते हैं।

5. ढील देने की शक्ति :

जहां निगम के महानिदेशक की यह राय है कि ऐसा करना अनिवार्य है या कालोचित है तो वह केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बाद तथा इसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके किसी वर्ग या व्यक्तियों की श्रेणी के सम्बन्ध में इन विनियमों के उपबन्धों में से किसी उपबन्ध में आदेश द्वारा ढील दे सकते है।

6. अपवाद :

इन विनियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों तथा अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा दूसरे विशेष वर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।

श्रीमती कुसुम प्रसाद, महानिदेशक

अनुसूची

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में बीमा निरीक्षक/प्रबन्धक ग्रेड-II/अधीक्षक के लिए भर्ती विनियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद या गैर चयन पद	क्या केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अंतर्गत स्वीकार्य सेवा में जोड़े गए वर्षों का लाभ पद पर लागू है	सीधी भर्ती के लिए आयु	सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएं
1	2	3	4	5	6	7	8
प्रबन्धक ग्रेड-II बीमा निरीक्षक/ अधीक्षक आदि	कार्यभार के आधार पर घट बढ़ हो सकेगी	ग्रुप "ग" लिपिक वर्गीय	1640-60-2600-दक्षतारोध 75-2900 रुपए	आंशिक रूप से चयन तथा आंशिक रूप से गैर-चयन	नहीं	21 से 30 वर्ष	अनिवार्य (1) योग्यतायें:— किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री (2) किसी सरकारी/ अर्ध सरकारी संगठन/ निगमित सरकारी उपक्रम/स्थानीय निकाय या किसी अनुसूचित बैंक आदि में किसी जिम्मेदार पद पर कम से कम 3 वर्ष की सेवा।

क्या सीधी भर्ती किये परिवीक्षा को जाने वाले व्यक्तियों के अवधि यदि लिए निर्धारित आयु तथा कोई हो। शैक्षिक योग्यतायें पदोन्नति कर्मचारियों के मामले में भी लागू होंगे।	भर्ती की पद्धति क्या सीधी भर्ती द्वारा पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	पदोन्नति प्रतिनियुक्ति-स्थानान्तरण द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिन में से पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/ स्थानान्तरण किए जायेंगे।	विभागीय पदोन्नति समिति मौजूद होने की स्थिति में उन का गठन	ऐसी परिस्थितियां जिसमें भर्ती/ करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।
9	10	11	12	13	14
नहीं	1. (सीधी भर्ती के लिए 2 वर्ष 2. (विभागीय पदोन्नत व्यक्तियों के लिए 1 वर्ष	66-2/3 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा तथा 33-1/3 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा प्रतियोगी परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले रिक्त पदों की भर्ती निम्न रीति में की जायेगी:— (क) 50 प्रतिशत वरिष्ठता को देखते हुए योग्यता के आधार पर चयन द्वारा	ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा सहित मुख्य लिपिक/ सहायक ग्रेड में से 3 वर्ष की सेवा वाले वैयक्तिक सहायक भी योग्यता के आधार पर पदोन्नति के लिए विचार के पात्र होंगे लेकिन उनकी पदोन्नति सीधी लाइन में नहीं होगी।	1. अध्यक्ष बीमा आयुक्त क०रा०बी०नि० 2 सदस्य निदेशक (प्रशासन) क०रा०बी०नि०	लागू नहीं

9	10	11	12	13	14
		(ख) 50 प्रतिशत अयोग्य व्यक्तियों को छोड़कर वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा टिप्पणी (1) ऊपर (क) के संबंध में दोनों फीडर ग्रेड अर्थात् i. मुख्य लिपिक/सहायक ii. वैयक्तिक सहायक के लिए कोटा निम्न प्रकार से होगा :– (i) मुख्य लिपिक/सहायक आदि 94 प्रतिशत (ii) वैयक्तिक सहायक—6 प्रतिशत टिप्पणी : 2 यदि 6 प्रतिशत कोटा को भरने के लिए पात्र वैयक्तिक सहायक पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हों तो रिक्त पदों को अग्ररक्षित माना जाएगा तथा अग्रेनीत नहीं किया जायेगा।	3 सदस्य केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा नामांकित कम से कम 3700–5000/- रुपए के ग्रेड का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का एक अधिकारी	

नई दिल्ली, दिनांक 14 नवम्बर 1989

सं० एन०-15/13/11/2/-88-योजना एवं विकास (2) कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 14-11-89 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा पंजाब कर्मचारी राज्य बीमा नियम 1955 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ पंजाब राज्य के निम्न लिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे।

क्र०सं०	ग्राम का नाम	हदबस्त सं०
1	2	3
1.	गोंइंधवाल साहिब	338
2.	खाख	341
3.	मयानी	340
4.	हंसावाला	337
5.	अकबरपुर	339
6.	खोंदर महानपुर खान	342
7.	धुन्दान	343
8.	मानक देके	344

एस० घोष
निदेशक (योजना एवं विकास)

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 16 नवम्बर 1989

सं० पी० 11/1/(12)/84/वरिष्ठता—कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 5-घ की उपधारा 7 (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कर्मचारियों की वरिष्ठता नियमत करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है :—

1. संक्षिप्त शीर्षक और आरम्भ :

i ये विनियम कर्मचारी भविष्य निधि स्टाफ (वरिष्ठता का निर्धारण) विनियम, 1989 कहलाएंगे।

ii ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

परन्तु वरिष्ठता से सम्बन्धित किसी कर्मचारी का कोई मामला जिसका अन्तिम निर्णय पहले ही लिया जा चुका है इन विनियमों में किसी उपबन्ध के होते हुए भी फिर से नहीं खोला जाएगा।

2. परिभाषा :

इन विनियमों में जब तक कि दूसरी बात अपेक्षित न हो :

(क) 'आयोग' से तात्पर्य संघ लोक सेवा आयोग है।

(ख) इसमें 'आयुक्त' शब्द के प्रयोग का वही अर्थ होगा जैसा कि कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम 1952 में माना जाता है।

(ग) 'कर्मचारी' का अर्थ संगठन के स्टाफ के काडर में नियुक्त अथवा लिया गया एक व्यक्ति है ।

(घ) 'बोर्ड' का अर्थ कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम 1952 की धारा 5—क के अन्तर्गत गठित केन्द्रीय न्यासी बोर्ड है ।

(ङ) 'रैंक' का अर्थ परीक्षा में प्राप्त गुण क्रम से है जिसे उक्त परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्धारित किया जाएगा ।

3. प्रयुक्ति :

ये विनियम निम्नलिखित को छोड़कर बोर्ड के प्रत्येक कर्मचारी पर लागू होंगे :—

(1) केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त और वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी जिन्हें कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम 1952 की धारा 5—घ (1) और (2) के अन्तर्गत नियुक्त किया गया है ।

(2) रोजगार या आकस्मिकता से अदायगी पर कोई व्यक्ति ।

(3) संगठन में प्रतिनियुक्ति पर किया गया कोई व्यक्ति ।

परन्तु इन विनियमों के लागू होने से पूर्व किसी ग्रेड में नियुक्त अथवा पदोन्नत व्यक्ति की वरिष्ठता का निर्धारण (बोर्ड द्वारा नियुक्त व्यक्तियों की वरिष्ठता निर्धारण के लिए बनाए गए सामान्य सिद्धांत) द्वारा शासित होंगे जब तक वे उसी ग्रेड में कार्यरत रहते हैं, जिसमें इन विनियमों के लागू होने की तिथि पर जिन्हें केन्द्रीय निधि आयुक्त पत्र सं० 20 (17) /61, दिनांक 1—11—1962 द्वारा परिचालित किया गया था । उच्च ग्रेड में उनकी पदोन्नति होने पर उनकी वरिष्ठता इन विनियमों के उपबन्धों के अनुसार परन्तु उपरोक्त विनियम 1 (2) में दिए गए परन्तुक को ध्यान में रखकर की जाएगी ।

4. विनियम (3) के परन्तुक के अनुसार नियुक्त/पदोन्नत कर्मचारियों की वरिष्ठता नीचे उल्लिखित तारीख से निर्धारित की जाएगी ।

1. सीधी भर्तियां :

कमीशन या अन्य चयनित प्राधिकारी की सिफारिश पर की गई सभी सीधी भर्तियों की अन्तरवरिष्ठता मैरिट अनुसार निर्धारित की जाएगी, जिस मैरिट में उनकी नियुक्ति कमीशन अथवा अन्य चयन प्राधिकारी की सिफारिश पर की गई है । पहले चयन होने के परिणामस्वरूप नियुक्त व्यक्ति बाद में चयन होने के परिणामस्वरूप नियुक्त व्यक्तियों से वरिष्ठ होंगे ।

(2) परीक्षा कोटा में पदोन्नतियां :—

विभागीय परीक्षा के आधार पर विभिन्न ग्रेडों में पदोन्नत व्यक्तियों की अन्तरवरिष्ठता, जो कि बोर्ड के कर्मचारियों तक सीमित है, उक्त परीक्षा में दिए गए रैंक/मैरिट के अनुसार निर्धारित की जाएगी । पहली परीक्षा में पास हुए व्यक्ति बाद की परीक्षा में पास हुए व्यक्तियों से वरिष्ठ होंगे ।

(क) विभिन्न ग्रेडों में चयन के आधार पर या मैरिट के आधार पर पदोन्नत व्यक्तियों की अन्तरवरिष्ठता का निर्धारण ऐसी पदोन्नति में उनके चयन के क्रम में किया जाएगा ।

(ख) वरिष्ठता के आधार पर विभिन्न ग्रेडों में पदोन्नत व्यक्तियों की अन्तरवरिष्ठता, निचले ग्रेड जिसमें वे पदोन्नत हुए हैं में उनकी वरिष्ठता के आधार पर निर्धारित की जाएगी बशर्ते अयोग्य घोषित न किए गए हों ।

(4) जहां पदोन्नति एक से अधिक ग्रेडों में की जानी है पात्र व्यक्तियों को उनके ग्रेडों में उनकी वरिष्ठता उनके सम्बन्धित ग्रेड के क्रम में अलग—अलग सूचियां तैयार की जाएंगी । इसके बाद विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा निर्धारित कोटा तक समेकित मेरिट के क्रम में विभिन्न सूचियों से पदोन्नति के लिए व्यक्तियों का चयन किया जाएगा जिसमें उच्च ग्रेड में पदोन्नति पर व्यक्तियों की वरिष्ठता निर्धारित होगी ।

परन्तु जहां पर फीडर काडर में पद विभिन्न वेतनमान या समान या समकक्ष वेतनमान में है, कोटा के अनुसार प्रत्येक ग्रेड से रिक्तियों की संख्या तक व्यक्तियों का चयन किया जाए तथा ग्रेड के अनुसार संयुक्त चयन सूची तैयार की जाए । जिन व्यक्तियों को विभागीय पदोन्नति समिति ने वही ग्रेड दिए हैं उनकी फीडर काडर में नियुक्ति की तारीख को अर्हक सेवा में अपेक्षित वर्षों की संख्यों में जोड़ने के बाद तारीख, अर्थात् जिस तारीख से वे फीडर ग्रेड में निर्धारित अर्हक सेवा के बाद पदोन्नति के लिए पात्र हुए हैं वहां सभी अन्तर—वरिष्ठता सूची को बनाए रखते हुए उनको संयुक्त रूप में क्रम से रखा जाए । बशर्ते फीडर काडर में व्यक्तियों को वही ग्रेड दिया है । जो व्यक्ति फीडर काडर में उच्च ग्रेड में होंगे वे फीडर काडर में कम वेतन पाने वाले व्यक्तियों से वरिष्ठ होंगे ।

(5) सीधी भर्ती, परीक्षा कोटा के विरुद्ध पदोन्नत तथा वरिष्ठता कोटा के विरुद्ध पदोन्नत कर्मचारियों की अनुपातिक वरिष्ठता ,—

सीधी भर्ती, परीक्षा कोटा के विरुद्ध पदोन्नत तथा वरिष्ठता कोटा के विरुद्ध पदोन्नत कर्मचारियों की अनुपातिक वरिष्ठता का निर्धारण उनके बीच रिक्त स्थानों के क्रमावर्तन

के आधार पर किया जाएगा, जो कि भर्ती नियमों में प्रत्येक के लिए रिक्त स्थानों के आरक्षित कोटा के आधार पर होगा।

बशर्ते कि यदि सीधी भर्ती परीक्षा कोटा के विरुद्ध पदोन्नत या वरिष्ठ कोटा के विरुद्ध किसी विशिष्ट वर्ष में उपयुक्त संस्था में पद उपलब्ध नहीं होने तो कोटों का क्रमावर्तन केवल सीधी भर्ती, परीक्षा कोटा के विरुद्ध पदोन्नत तथा वरिष्ठता कोटा के विरुद्ध पदोन्नत के उपलब्ध होने की सीमा तक ही हो सकता है। उस सीमा तक जहाँ कोटों का क्रमावर्तन संभव नहीं है, सीधी भर्ती परीक्षा कोटा के विरुद्ध पदोन्नत, वरिष्ठता कोटा के विरुद्ध पदोन्नत, जैसा भी मामला हो, को इकट्ठा करके वरिष्ठता सूची अर्थात् कोटा के क्रमावर्तन के अनुसार अन्तिम स्थिति जहाँ तक वरिष्ठता का निर्धारण करना संभव हो के नीचे रखा जाएगा। किसी भी वर्ग में न भरे गए पदों को आगे ले जाया जाएगा और उसे अगले वर्ष (और जहां आवश्यक हो तदनुसार वर्षों में) के अनुकूल कोटा के रिक्त पदों में जोड़ दिया जाएगा। अतिरिक्त रिक्तियों के विरुद्ध अतिरिक्त नियुक्तियों जिन्हें पिछले वर्षों से लाया गया है, को सामूहिक रूप से सीधी भर्ती के द्वारा नियुक्त कर्मचारियों के नीचे अथवा वरिष्ठता कोटे के विरुद्ध पदोन्नत अथवा परीक्षा कोटों के विरुद्ध, जैसा भी मामला हो जिस वर्ष यह चयन किया जा रहा है उस वर्ष रिक्तियों का क्रमावर्तन के आधार पर अन्तिम भर्ती हुए व्यक्ति के नीचे रखा जाएगा।

उदाहरण

जहां पर 50 प्रतिशत रिक्तियां वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति के लिए आरक्षित हैं, 25 प्रतिशत विभागीय परीक्षा के आधार पर पदोन्नति के लिए तथा 25 प्रतिशत सीधी भर्ती के लिए आरक्षित हैं, तो वहां सीधी भर्ती द्वारा भर्ती हुए कर्मचारी को वरिष्ठता में 2 पदोन्नत कर्मचारियों के नीचे रखा जाएगा 2 वरिष्ठता पर आधारित पदोन्नत और 1 विभागीय परीक्षा पर आधारित पदोन्नत। जहां 50 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा तथा 50 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा का कोटा है, वहां प्रत्येक सीधी भर्ती वाले को एक पदोन्नति वाले के नीचे रखा जाएगा।

(यह विनियम 5 के उपबन्ध की शर्त के अन्तर्गत होगा)।

यदि सीधी भर्ती या वरिष्ठता अथवा विभागीय परीक्षा द्वारा पदोन्नत व्यक्ति जैसा भी मामला हो, किसी भी कारण से ग्रेडों में नियुक्ति को स्वीकार नहीं करता, तो उपरोक्त संदर्भित रिक्तियों के अनुपातों/क्रमावर्तन को सुनिश्चित करने मात्र के लिए वरिष्ठता सूची को पुनः व्यवस्थित नहीं किया जाएगा।

6. उपलब्ध पदों पर पदोन्नत/नियुक्त व्यक्तियों की कोटा परिवर्तन द्वारा वरिष्ठता का निर्धारण करना :

भर्ती नियमों के एक उपबन्ध के अनुसार वरिष्ठता कोटा या परीक्षा कोटा में उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न होने की दशा में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति करने का प्रावधान है और इस प्रकार से नियुक्त व्यक्ति को वरिष्ठता कोटा वर्ग में रखा जाएगा। विनियम 5 के प्रयोजन से, पदोन्नत या परीक्षा कोटा पदोन्नत, जैसा भी मामला हो, विनियम-5 के उपबन्ध की शर्त पर, उसकी वरिष्ठता एक ही समय पर चयन किए गए सभी परीक्षा कोटा पदोन्नत या वरिष्ठता कोटा पदोन्नत, जैसा भी मामला हो, के नीचे निर्धारित की जाएगी। इसी प्रकार भर्ती नियमों के उपबन्ध के अनुसार सीधी भर्ती के उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न होने की दशा में या सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक कोटा के पद को दूसरे कोटा के पद में परिवर्तित करके पदोन्नति पद नियुक्त किए गए व्यक्ति को उसी संगत कोटा के पदोन्नत व्यक्तियों के वर्ग में रखा जाएगा जिस वर्ग में वह पद मूलरूप से सम्बन्धित है। लेकिन उसकी वरिष्ठता उस वर्ष उस वर्ग में नियुक्त अन्य सभी कर्मचारियों के नीचे निर्धारित की जाएगी।

7. अन्तर्क्षेत्रीय स्थानान्तरणों के मामलों में वरिष्ठता का निर्धारण :

ऐसे कर्मचारी जो कि ऐसे काडर में हैं जिसको वरिष्ठता क्षेत्रवार के आधार पर नियन्त्रित किया जाता है, और उसे एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में प्रशासकीय आधार पर स्थानान्तरित किया जाता है तो उसकी प्रारंभिक वरिष्ठता उसकी नियुक्ति की तिथि/पदोन्नति या विभागीय परीक्षा में प्राप्त क्रम, जैसा भी मामला हो, के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

परन्तु कर्मचारी के अपने अनुरोध पर किए गए स्थानान्तरण के मामले में उसकी वरिष्ठता उस क्षेत्र के उस काडर में जिसमें उसका स्थानान्तरण किया है में नियमित आधार पर पद ग्रहण करने वाले सभी व्यक्तियों के नीचे निर्धारित की जाएगी।

स्पष्टीकरण—केन्द्रीय कार्यालय अर्थात् संगठन के मुख्यालय को निर्धारित के प्रयोजन से क्षेत्र की भाँति एक इकाई के रूप में माना जाएगा।

8. अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की वरिष्ठता :

अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की वरिष्ठता विनियम-5 के उपबन्धों के अनुसार उसकी नियुक्ति से पूर्व भर्ती हुए सभी व्यक्तियों से नीचे की जाएगी।

9. शंकाओं का निराकरण :

यदि इन विनियमों के किसी उपबन्धों में व्यवधान पैदा होता है तो इस मामले को अध्यक्ष केन्द्रीय बोर्ड के पास भेजा जाएगा और उसका निर्णय अन्तिम होगा।

10. अपवाद स्वरूप मामलों में छोड़ :

जहां अध्यक्ष केन्द्रीय बोर्ड उस बात से संतुष्ट है कि किसी कर्मचारी की सेवा शर्तों के किसी विशिष्ट मामले में किसी विनियम या उपबन्ध को लागू करने से अनावश्यक कठिनाई होती है तो वह आदेश द्वारा उस विनियम या उपबन्ध की अपेक्षाओं को उस सीमा तक समाप्त कर सकता है या ढील दे सकता है और ऐसी शर्तें लगा सकता है जो कि मामले को न्यायसंगत रूप में निपटाने के लिए आवश्यक समझी जाए।

11. अपवाद

इन विनियमों की कोई भी बात केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, भूतपूर्व सैनिक तथा अन्य वर्गों के व्यक्तियों को दिए जाने वाले अपेक्षित आरक्षणों तथा अन्य रियायतों के सम्बन्ध में कोई प्रभाव नहीं डालेगी।

टिप्पणी :

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में नियोजित व्यक्तियों की वरिष्ठता निर्धारण के सामान्य सिद्धान्तों का उल्लेख कार्यालय पत्र सं० प्रशा० 20 (17)/61 दिनांक 1 नवंबर 1962 के साथ संलग्न अनुलग्नक में किया गया था। उपरोक्त परिशोधित वरिष्ठता विनियम आज की तिथि से प्रभावी होंगे। पत्र सं० प्रशा० 20 (17/61) दिनांक 1 नवंबर, 1962 द्वारा परिचालित किए गए व्यक्तियों की वरिष्ठता निर्धारण के सामान्य सिद्धांत अब कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे।

सं० पी० 11/1/(5)89—कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम 1952 (1952 का 19) की धारा 5-ध की उपधारा 7(क) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय न्यासी बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि एतद्द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि स्टाफ (स्टाफ और सेवा शर्तें) विनियम, 1962 में संशोधन करके निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात :-

(I) ये विनियम कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ और सेवा शर्तें) संशोधन विनियम, 1989 कहलाएंगे।

(II) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2. कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ और सेवा शर्तें) विनियम 1962, अनुसूची-III में पैरा 6 के अधीन उप पैरा के लिए निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

6. (II) "सरकारी कार्यालयों अथवा सांविधिक संगठन में कार्यरत व्यक्तियों को भी तबादले पर लिया जाएगा, परन्तु जब किसी व्यक्ति का "विभागेतर सेवा" शर्तों पर न प्रतिनियुक्ति पर तबादला किया जाएगा तो नियुक्ति से पहले उस की प्रतिनियुक्ति की शर्तों की मंजूरी केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त से लेनी होगी"।

परन्तु अवर श्रेणी लिपिकों के रूप में तबादले (स्थानान्तरण पर नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती, नई मानी जाएगी और उन के मूल विभागों की पिछली सेवा को संगठन में वरिष्ठता या पदोन्नति के अभिप्राय के लिए नहीं गिना जाएगा।

बी० एन० सोम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त
तथा
सचिव केन्द्रीय न्यासी बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि

पाद टिप्पणी

भारत के राजपत्र भाग-II धारा 3 (1) दिनांक 18 मई, 1962 में प्रकाशित मूल विनियम देखें सा० का० नि० सं० 691।

देखें संशोधित विनियम

1. जी० एस० आर० सं० 1483, दिनांक 5 सितम्बर, 1963, 14-9-63 को प्रकाशित।
2. जी० एस० आर० सं० 592 दिनांक 31-3-1964, 11-4-1964 को प्रकाशित।
3. जी० एस० आर० सं० 896 दिनांक 2 जून, 1966
4. जी० एस० आर० सं० 1824, 22 नवंबर, 1966
5. जी० एस० आर० सं० 127 दिनांक 19 जनवरी, 1967
6. जी० एस० आर० सं० 127 दिनांक 28 जनवरी 1967
7. जी० एस० आर० सं० 787 दिनांक 16 मई 1970
8. जी० एस० आर० सं० 1155 दिनांक 7 अगस्त 1971
9. जी० एस० आर० सं० 1602 दिनांक 30 अक्तूबर 1971
10. जी० एस० आर० सं० 149 दिनांक 7 जनवरी 1972
11. जी० एस० आर० सं० 88 दिनांक 8-1-1972
12. जी० एस० आर० सं० 533 दिनांक 26-5-1973
13. जी० एस० आर० सं० 547 दिनांक 26-5-1973
14. जी० एस० आर० सं० 591 दिनांक 2-6-1973
15. जी० एस० आर० सं० 645 दिनांक 16-6-1973
16. सरकारी अधिसूचना सं० 19 (30)/69, पी० एफ० आई० दिनांक 17-6-1975
17. अधिसूचना सं० ए-12018 /74 पी० एफ० आई० दिनांक 25-8-76
18. जी० एस० आर० सं० 645 दिनांक 16-6-1977
19. जी० एस० आर० शून्य दिनांक 28-10-1978
20. अधिसूचना सं एडी०एम० (आर-1) (14) (7) 80/35813 दिनांक 23-12-1980।
21. जी० एस० आर० सं० शून्य दिनांक 7 नवंबर 1981 भारत के राजपत्र भाग-III खंड-4 में प्रकाशित।
22. अधिसूचना सं० मी० III/एडी० एम० आर०-II/14(1) 5/79/69 दिनांक 12-1-1984, दिनांक 1-12-84 को भारत के राजपत्र भाग-III, खंड-4 में प्रकाशित।
23. अधिसूचना सं० पी०-III/एडी० एम० आर०/11/16 (63) 79/ए० पी० दिनांक 14-12-1984 दिनांक 29-12-1984 को भारतीय राजपत्र के भाग-III, खंड-4 में प्रकाशित।
24. अधिसूचना सं० पी०—4/2(9)83/सहायक/मुख्य लिपिक/ 15898, दिनांक 1-8-1986 दिनांक 16-8-1986 को भारत के राजपत्र भाग III, खंड 4 में प्रकाशित हैं।

25. अधिसूचना सं० पी०-4/(13)/84/ए/20653, दिनांक 22-8-1986 दिनांक 6-9-1986।

26. अधिसूचना सं० पी-4/2/(4)/84/आर० आर० दिनांक 31-10-1986 दि० 15-11-1986 को भारत के राजपत्र भाग III खंड-4 में प्रकाशित ।

27. अधिसूचना सं० पी०-4/1/(4)/85, दिनांक 7-5-87 दिनांक 23-5-87 को भारत के राजपत्र में भाग III खंड-4 प्रकाशित ।

28. अधिसूचना सं० पी०-4/1/(4)/84ए० दिनांक 18-5-87 दिनांक 30-5-87 को भारत के राजपत्र भाग III खंड-4 में प्रकाशित।

29. अधिसूचना सं० पी०-4/14(1)/81/भाग, दिनांक 12-7-88 दिनांक 23-7-88 को भारत के राजपत्र भाग III खंड-4 में प्रकाशित ।

30. अधिसूचना सं० पी०-4/3(62)/85 दिनांक 26-10-1988 दिनांक 12-11-1988 को भारत के राजपत्र भाग-III, खंड-4 में प्रकाशित ।

दिनांक 20 नवम्बर, 1989

सं० पी० IV/14(1)/81-वाल०-II—कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 5-घ की उपधारा 7 (क) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय न्यासी बोर्ड, कर्मचारी भविष्य निधि एतद् द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ और सेवा शर्तें) विनियम, 1962 में संशोधन कर के निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

1. (i) ये विनियम कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ और सेवा शर्तें) (दूसरा संशोधन), विनियम, 1989 कहलाएंगे ।

(ii) ये विनियम, सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे ।

2. (क) कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ और सेवा शर्तें) विनियम, 1962 की अनुसरणी-III के पैरा 3 में कालम सं० 3 के अन्तर्गत अपरश्रेणी लिपिक (मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय,), से संबंधित क्र०सं० 7 के लिए विभागीय परीक्षा पास करने पर पदोन्नति के माध्यम से 25 प्रतिशत कोटा आरक्षित करने के स्थान पर 50 प्रतिशत प्रतिस्थापित किया जाएगा ,

(ख) कालम 4 के अन्तर्गत परन्तुक को हटा दिया जायगा,

(ग) कालम सं० 3, और 4 के अन्तर्गत 25 प्रतिशत सीधी भर्ती कोटा की प्रविष्टियों को हटा दिया जाएगा,

(घ) अपर श्रेणी लिपिकों के पद के सम्बन्ध में तीसरी अनुसूची के परिशिष्ट में क्रम सं० 5 के सामने वर्तमान प्रविष्टियां (I) और (II) के स्थान स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"मट्रिक/एस० एस० एल० सी० अथवा इसकी समकक्ष योग्यता" ।

पाद टिप्पणी :

भारत के राजपत्र भाग-II, धारा 3(I) दिनांक 18 मई, 1962 में प्रकाशित मूल विनियम देखें, भा० भा० नि० सं० 691 ।

देखे संशोधित विनियम :

1. जी० एस० आर० सं० 1483, दिनांक 5 सितम्बर, 1963, 14-9-1963 को प्राकाशित ।
2. जी० एस० आर० सं० 592, दिनांक 31-3-1964, 11-4-1964 को प्रकाशित ।
3. जी० एस० आर० नं० 896, दिनांक 2 जून, 1966
4. जी० एस० आर० नं० 1824, 22 नवम्बर, 1966
5. जी० एस० आर० नं० 127, दिनांक 17 जनवरी, 1967
6. जी० एस० आर० नं० 127, दिनांक 28 जनवरी, 1967
7. जी० एस० आर० नं० 787, दिनांक 16 मई, 1970
8. जी० एस० आर०, नं० 1155, दिनांक अगस्त, 1971
9. जी० एस० आर० नं० 4602, दिनांक 30 अक्तूबर, 1971
10. जी० एस० आर० नं० 149, दिनांक 7 जनवरी 1972
11. जी० एस० आर० नं० 88, दिनांक 8-1-1972
12. जी० एस० आर० नं० 533, दिनांक 26-5-1973
13. जी० एस० आर० नं० 547, दिनांक 26-5-1973
14. जी० एस० आर० नं० 591, दिनांक 2-6-1973
15. जी० एस० आर० नं० 645, दिनांक 16-6-1973
16. सरकारी अधिसूचना सं० 19(30)/69, पी० एफ० आई० दिनांक 17-6-1975 ।
17. अधिसूचना सं० ए-12018/74-पी० एफ० आई०, दिनांक 25-8-1976
18. जी० एस० आर० नं० 645, दिनांक 16-6-1977
19. जी० एस० आर० नं० शून्य दिनांक 28-10-1987
20. अधिसूचना सं० एडी० एम० (आर-1(14)7/80/35813 दिनांक 23-2-1980 ।
21. जी० एस० आर० नं० शून्य दिनांक 7 नवम्बर, 1981 भारत के राजपत्र भाग-III खण्ड-4 में प्रकाशित।
22. अधिसूचना सं० नं० III/एडी एम आर-11/14(1)/81/79/69, दिनांक 12-1-1984, दिनांक 1-12-84 को भारत के राजपत्र भाग-III, खण्ड-4 में प्रकाशित

23. अधिसूचना सं० पी-III/ए डी एम आर-11/16 (63)/79/ए० पी० दिनांक 14-12-84 दिनांक 29-12-84 को भारतीय राजपत्र के भाग-III, खण्ड-4 में प्रकाशित ।

24. अधिसूचना सं० पी-4/2(9)83/सहायक/मुख्य लिपिक/15898, दिनांक 1-8-86 दिनांक 16-8-86 को भारत के राजपत्र भाग-III, खण्ड-4 में प्रकाशित हैं ।

25. अधिसूचना सं० पी/41(13)/84/ए/20653, दिनांक 22-8-1986 दिनांक 6-9-86 ।

26. अधिसूचना सं० पी०4/2(4)83/आर० आर० दिनांक 31-10-86 दिनांक 15-11-8 को भारत के राजपत्र, भाग-III, खण्ड-4 में प्रकाशित ।

27. अधिसूचना सं० पी० 4/1(4)/85, दिनांक 7-5-87, दिनांक 23-5-87 को भारत के राजपत्र में भाग-III खण्ड 4 में प्रकाशित ।

28. अधिसूचना सं० पी-4/1(4)/85ए, दिनांक 18-5-87, दिनांक 30-5-87, को भारत के राजपत्र भाग-III, खण्ड-4 में प्रकाशित ।

29. अधिसूचना सं० पी०-4/14(1)/81-/भाग, दिनांक 12-7-88 दिनांक 23-7-88 को भारत के राजपत्र, भाग-III, खण्ड-4 में प्रकाशित ।

30. अधिसूचना सं० पी-4/3(62)/85, दिनांक 26-10-88, दिनांक 12-11-88 को भारत के राजपत्र, भाग-III, खण्ड-4 में प्रकाशित ।

दिनांक 24 नवम्बर, 1989

सं० के० भ० नि० आ० /1(4) तमिलनाडु(70)89/24065—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नयोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हो गए हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जायें ।

क्र० सं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3
1.	मै० एलन इन्डस्ट्रीयल्स बी० के० रोड, पीलामेडु, कोयम्बटूर-641004	1-7-86
2.	मै० थियागी सुब्रामनिया शिवा हैन्डलूम वीवर्स को-आपरेटिव प्रोडक्शन एण्ड सेल्स सोसायटी, लिमिटेड, पौपारापट्टी-636809, धरमापुरी, डिस्ट्रिक्ट ।	1-7-88
3.	मै० जे० पी० मैटल प्रिटर्न्स, 1/24-ए, इडायारपालायाम रोड, सुन्दारा पुरम, कोयम्बटूर-641024 तथा इसका कार्यालय :- नं० 30, गिरिनगर, एर्नाकुलम-682020, केरल ।	1-12-88
4.	मै० ड्राइव वल प्रोडक्ट्स, एम० एफ० 407, मैसीनेट्टी पालायाम रोड, जोथी पुरम पोस्ट, कोयम्बटूर-641047	1-10-88
5.	मै० ट्रान्समिशन प्रोडक्ट्स, मद्रास आक्सीजन लिमिटेड के सामने, थेक्कुपालायाम पोस्ट, मेट्टुपालायाम रोड, कोयम्बटूर-641020	1-9-88
6.	मै० पौली कोट, 112-ए, गौन्डामपालायाम, थीरूवाल्लुवर ट्रान्सपोर्ट वर्कशाप के पीछे, कोयम्बटूर-641030	1-1-89
7.	मै० संध्या इन्डस्ट्रीज, 1058, मेट्टुपालायाम रोड, कोयम्बटूर-641002	1-9-87
8.	मै० निध्या इन्डस्ट्रीयल्स, 1058, मेट्टुपालायाम रोड, कोयम्बटूर-641002	1-9-87
9.	मै० बालाजी पेपर प्रोडक्ट्स, सिडको इन्डस्ट्रीयल ऐस्टेट, कोयम्बटूर-641021	1-9 87
10.	मै० कान्जी प्रसीजन-वर्कर्स (प्रा० लिमिटेड, 8/195, एस० पी० आर० भवनम्, कुनियामुथुर, कोयम्बटूर-641008 तथा इसका रजिस्टर्ड कार्यालय :- नं० 170, चन्द्रानगर, पालघाट-678007	1-7-87
11.	मै० धनलक्ष्मी मशीन टूल्स, एस० एफ० 542, गौन्डम पालायाम, मेट्टुपालायाम रोड, कोयम्बटूर-641030	1-11-88
12.	मै० प्रफैक्ट मेन्टेनैन्स सर्विस, 4, थीरूवाल्लुवर नगर, प्रेस कालोनी, कोयम्बटूर-641019	1-5-88
13.	मै० सेलवाम, ब्रीयलर्स (प्रा०) लिमिटेड, नं० 10, को-आपरेटिव कालोनी, गांधी नगर, नामक्कल-637002	1-11-88

1	2	3
14.	मै० रनेनामबिगाई मैट्रीकुलेशन स्कूल, पेरूर कोयम्बटूर-641010	1-12-88
15.	मै० वी० ए० टी० ट्रस्ट मैट्रीकुलेशन स्कूल, शिवासुब्रामनियम, चेट्टियार रोड तिरूप्पुर-638604	1-11-88
16.	मै० वेन्कटेसा इन्डस्ट्रीयल वर्क्स, 11/8-सी, टी० वी० एस० कालोनी, थडगम रोड, कोयम्बटूर-641025	1-8-88
17.	मै० तमिलनाडू इन्डस्ट्रीज, 25-ए-4, गुल्दानपेट, वेलूर (सालेम)-638182	1-10-88
18.	मै० वल्वेयर सिस्टम्स लिमिटेड, 58/1, तथा 59, पेड्डातालापल्ली, रोयाकोटा, रोड, कृष्णागिरि पोस्ट, धरमापुरी डिस्ट्रिक्ट तथा इसका कार्यालय: 1-ए, पीनिया इन्डस्ट्रियल एरिया, 11 फेज, बैंगलौर-560058	1-11-88
19.	मै० फूड पैकेजिंग कम्पनी, सरवना नगर, गौन्डामपालायाम, कोयम्बटूर-641030 तथा इसका आफिस: 247, मुल्लीवल स्ट्रीट, कोयम्बटूर-641001	1-5-88

अतः, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपर्युक्त, स्थापनाओं को उस या उस प्रभावी तिथि से अधिनियम, को लागू करते हैं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी है।

बी० एन० सोम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग

सचिवालय

देहरादून, दिनांक 6 अक्तूबर 1989

सं० 17(11)/87-रेग—तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग अधिनियम 1959 (1959 का 43) की धारा 32 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (नियुक्ति और सेवा के निबंधन और शर्तें) विनियम 1975 का और संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है अर्थात :—

1. (1) ये विनियम तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (नियुक्ति और सेवा के निबंधन और शर्तें) संशोधन विनियम 1988 कहे जाएंगे।

(2) ये शासकीय गजट में उनके प्रकाशन की दिनांक से लागू होंगे।

2. तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (नियुक्ति और सेवा के निबंधन और शर्तें) विनियम 1975 में वरिष्ठता सिद्धान्त सम्बंधी उपाबंध II में :—

(क) पैरा "ए" के उप पैरा (4) के लिए निम्नलिखित उप पैरा प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात :—

(4) सरकारी क्षेत्रों के उपक्रमों में कार्य कर रहे ऐसे अधिकारियों और ऐसे कर्मचारियों को जिनका खुले विज्ञापन के माध्यम से सीधी भर्ती के लिए चयन किया गया है अथवा उन कर्मचारियों को जिनकी सेवाएं आयोग द्वारा प्रतिनियुक्ति शर्तों पर बिना किसी खुले विज्ञापन के अभिप्राप्त की गई है और जिनकी नियुक्ति फोरेन सेवा शर्तों पर की गई है आयोग में उनकी वरिष्ठता निर्धारण करने के प्रयोजन से सीधा रिक्रूट समझा जाएगा।

ऐसे व्यक्तियों की एक बार निर्धारित की गई वरिष्ठता उनके मूल विभागों अथवा कार्यालयों से सेवा निवृत होने अथवा पद त्यागने से प्रभावित नहीं होगी, यदि सेवा निवृति अथवा पद त्याग के बाद वे आयोग के नियोजन में अंतिमतः खप जाते हैं। ऐसे मामलों में वरिष्ठता उनकी भर्ती के समय चयन समिति अथवा उस प्राधिकारी द्वारा निर्धारण किए गए के अनुसार होगी जिसने उनकी नियुक्ति, उनके मूल विभागों अथवा कार्यालयों से प्रतिनियुक्ति पर उनकी सेवाएं अभिप्राप्त करते समय अनुमोदित की है तथापि उनको उस समय विद्यमान कर्मचारियों और उन व्यक्तियों की वरिष्ठता सूची में नीचे रखा जाएगा जिन्हें उन पदों पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव पहले ही जारी कर दिए गए हैं, जिन पर उनकी नियुक्ति की जा रही है।

(ख) "प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों" से सम्बन्धित पैरा "एफ" हटा दिया जाएगा।

एम० एल० कोरा,
सचिव, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग

पाद टिप्पणी

मूल विनियमावली तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, अधिसूचना सं०: 17(II)/69-रेग दिनांक शून्य के अधीन भारत सरकार के गजट भाग III सैक्शन 4 पृष्ठ 2142 से 2150 में दिनांक 13-12-75 को प्रकाशित हुआ था।

(1) अधिसूचना सं० 17(II)78-रेग दिनांक 6-2-1979, भारत सरकार के गजट-भाग-III सैक्शन 4 में दिनांक 17-2-1979 को प्रकाशित हुआ था।

(2) अधिसूचना सं० 17(II)/79-रेग दिनांक 13-9-1979 भारत सरकार के गजट भाग-III सैक्शन 4 में दिनांक 22-9-1979 को प्रकाशित हुआ था।

(3) अधिसूचना सं० 17(II)/79-रेग दिनांक 13-2-1981 भारत सरकार के गजट भाग-III सैक्शन 4 में दिनांक 21-2-1981 को प्रकाशित हुआ था।

पंजाब यूनिवर्सिटी

चंडीगढ़, दिनांक 23 नवम्बर 1989

सं० 8-88/जी० आर०—केन्द्रीय सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) ने अपने पत्रांक एफ 15-2/89-डैस्क (यू), दिनांकित 5-9-1989 के अनुसार निम्नलिखित विनियमों को मंजूरी दे दी है :

1. कैलेंडर, भाग 1, 1986 के पृष्ठ 41 पर अध्याय II(ए)

(i) "द सीनेट" का विनियम 23.1 निम्नानुसार होगा :—

23.1 सिंडिकेट नीचे दिए अनुसार प्रतिवर्ष 6 सदस्यों की विनियम समिति (रेग्यूलेशन कमेटी) नियुक्त करेगी :

1. सिंडिकेट द्वारा नियुक्त चार सदस्य, जिनमें से एक इस समिति का चेयरमैन मनोनीत किया जाएगा।
2. परीक्षा-कंट्रोलर
3. रजिस्ट्रार (सदस्य-सचिव)

समिति की एकत्रता के लिए कोरम चार सदस्यों का होगा। विनियम बनाने अथवा इनका संशोधन करने के प्रस्ताव इस समिति द्वारा सिंडिकेट के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे।

2, कैलेंडर भाग 1, 1985 के पृष्ठ 2.5 पर अध्याय VII (ई) "गैर-सरकारी" सम्बद्ध कालेजों में अध्यापकों की सेवा और आचरण की शर्तें" का विनियम 5 निम्नानुसार होगा :—

5. प्रिंसिपल/अध्यापक का सेवा-रिकार्ड और उसके काम और आचरण की वार्षिक गुप्त रिपोर्ट को नियमित रूप से रखा जाएगा। यदि रिपोर्ट ठीक न हो तो सम्बन्धित व्यक्ति को लिखित रूप में सूचित किया जाएगा। वित्त वर्ष की पहली जुलाई में प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सेवा-पुस्तिका देखने का अधिकार होगा और सेवा-पुस्तिका देखने के प्रमाण के रूप में उसके हस्ताक्षर लिए जाएंगे।

नियत की गई नकलफीस की अदायगी करने के पश्चात, यदि कोई कर्मचारी सेवा-पुस्तिका की मांग करे, तो उसकी प्रमाणित कापी उसे प्रदान की जाएगी।

3. पंजाब यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध कालेजों और पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की अन्य यूनिवर्सिटियों से सम्बद्ध कालेजों में नियोजित फैकलटी सदस्यों के लिए, जिनका कारैस्पोंडेंस कोर्सिज निदेशालय में केवल एक साल के लिए पंजीयन हुआ है, आर्टस और भाषाओं की फैकलटियों में मास्टर आफ फिलासफी के लिए विनियम।

1. आर्टस और भाषाओं की फैकलटियों में मास्टर आफ फिलासफी की डिग्री के लिए परीक्षार्थी को पंजाब यूनिवर्सिटी या पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश और अन्य यूनिवर्सिटियों से सम्बद्ध कालेजों के नियोजित फैकलटी सदस्य होना और उसका कारैस्पोंडेंस कोर्सिज निदेशालय में पंजीयन होना आवश्यक है।

2.1 इस कोर्स की अवधि निम्नलिखित अनुसार तीन सिमैस्टर की होगी :—

(i) पहला सिमैस्टर : 1 अप्रैल से ग्रीष्म-अवकाश के अंत तक। यूनिवर्सिटी पाठ्यक्रम में नियत किए गए अनुसार इस सिमैस्टर में पहले सिमैस्टर के कोर्स को कक्षा-अध्यापन करवाया जाएगा।

(ii) दूसरा सिमैस्टर : 1 अप्रैल से अगले वर्ष के ग्रीष्म अवकाश तक। इस सिमैस्टर में पाठ्यक्रम के शेष भाग का कक्षा-अध्यापन करवाया जाएगा इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को उनके शोध-निबन्ध के काम में गहन निजी निरीक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

(iii) तीसरा सिमैस्टर : 1 मार्च से तीसरे वर्ष के ग्रीष्म अनुवर्ती अवकाश तक। यह सिमैस्टर केवल शोध-निबन्ध को निरीक्षक के निरीक्षण के अधीन, अंतिम रूप देने के लिए प्रदान किया जाएगा।

2.2 एम० फिल० के लिए प्रार्थक परीक्षार्थी अपना अध्ययन और शोध कार्य कारैस्पोंडेंस कोर्सिज निदेशालय में करेगा। उसको बोर्ड आफ कंट्रोल द्वारा अपना शोध कार्य चंडीगढ़ से बाहर किसी स्वीकृत शोध केन्द्र पर करने की अनुमति मिल सकती है, पर यह अवधि तीन महीने से अधिक की नहीं हो सकती।

2.3. परीक्षा-विधि निम्नानुसार होगी :—

		प्रत्येक कोर्स नीचे दिए विवरण के अनुसार 100 अंक का होगा।
(i) पहला सिमैस्टर एक अनिवार्य कोर्स दो वैकल्पिक कोर्स	गृह कार्यभार, टर्म पेपर आदि	20 अंक

5.(ii) दूसरा सिमैस्टर एक वैकल्पिक कोर्स	सिमैस्टर (बाहरी) परीक्षा	80 अंक
(iii) शोध-निबन्ध		200 अंक

प्रश्नपत्र निदेशालय के बोर्ड आफ कंट्रोल द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा अलग अलग तैयार किए जाएंगे और मूल्यांकन परीक्षकों के बोर्ड द्वारा किया जाएगा जिसमें एक बाहरी परीक्षक, सम्बन्धित निरीक्षक, निदेशालय में इस विषय का सब से सीनियर फैकलटी सदस्य और कारैस्पांडेंस कोर्सिज के निदेशक सम्मिलित होंगे ।

3.1 नियोजित (इन-सर्विस) फैकलटी सदस्य, जो एम० फिल० प्रोग्राम की पढ़ाई के लिए परीक्षार्थी के तौर पंजीयन करवाना चाहता है, वह अधिसूचित तिथि तक और निश्चित फार्म पर कारैस्पांडेंस कोर्सिज निदेशालय में सम्बन्धित विभाग को प्रार्थनापत्र देगा ।

3.2 व्यक्ति सारे कोर्स के लिए 1000/– रूपये की फीस अदा करेगा ।

4. निदेशालय के बोर्ड आफ कंट्रोल द्वारा अनुमोदित शोध-निबन्ध का शीर्षक और निरीक्षक की नियुक्ति जाइंट रिसर्च बोर्ड को सूचित की जाएगी ।

5. परीक्षार्थी अनुमोदित तिथि के दो महीने की अवधि में अपने शोध-निबन्ध के शीर्ष के संशोधन के लिए मंजूरी के लिए प्रार्थनापत्र अपने निरीक्षक द्वारा बोर्ड आफ कंट्रोल को दे सकता है ।

6. जो परीक्षार्थी अपना शोध-निबन्ध तीन सिमैस्टरों में पूरा नहीं कर पाता वह समय विस्तार के लिए अपना प्रार्थनापत्र सम्बन्धित निरीक्षक के द्वारा दे सकता है । इस समय-विस्तार की अनुमति निदेशालय के बोर्ड आफ कंट्रोल द्वारा अधिकतम एक वर्ष तक दी जाएगी परन्तु यह एक बार में छः महीने से अधिक नहीं होगी । परीक्षार्थी के लिए समय-विस्तार की अवधि निदेशालय के सम्बन्धित विभाग में बितानी आवश्यक नहीं होगी ।

बशर्ते कि समय-विस्तार के लिए प्रत्येक प्रार्थनापत्र के साथ 25/– रूपये की फीस जमा करवानी पड़ेगी ।

7.1 शोध-निबन्ध की समाप्ति उपरांत परीक्षार्थी इसकी तीन मुद्रित/टाईप की हुई कापियां और शोध-निबन्ध का सारांश और 60/– रूपये की फीस जमा करवाएगा ।

7.2 परीक्षार्थी द्वारा दी जाने वाली परीक्षा की दाखिला फीस 70/– रूपये प्रति सिमैस्टर होगी ।

8. परीक्षार्थी को एम० फिल० डिग्री के लिए अपने शोध निबन्ध को प्रस्तुत करने की आज्ञा तभी दी जाएगी यदि उसका निरीक्षक यह प्रमाणित करे कि प्रस्तुत किया गया शोध, निबन्ध एम०फिल० डिग्री प्रदान करने के लिए विचारने योग्य है । यदि कोई परीक्षार्थी नियत कोर्स/कोर्सों में पास नहीं हो पाता और शोध-निबन्ध में पास अंक प्राप्त कर लेता है, तो यदि परीक्षार्थी ऐसा चाहे तो शोध-प्रबन्ध के नए मूल्यांकन के बगैर, शोधनिबन्ध में प्राप्त किए अंकों को आगे लिखा जा सकता है ।

9. परीक्षार्थी अपने शोध-निबन्ध में किसी पुस्तक का कारतत्व सम्मिलित कर सकता है जो इस विषय पर उसने प्रकाशित की हो और इसकी सूचना वह निरीक्षक को देगा परन्तु यह अपना शोध-प्रबन्ध किसी ऐसी पुस्तक पर प्रस्तुत नहीं कर सकेगा जिसके लिए इस या किसी अन्य यूनिवर्सिटी ने उसको या किसी अन्य व्यक्ति को पहले ही डिग्री प्रदान की हो ।

10. एम० फिल० डिग्री के लिए परीक्षार्थी परिणाम की घोषणा के पश्चात अपना काम प्रकाशित कर सकता है ।

11. शोध-निबन्ध का मूल्यांकन दो परीक्षकों द्वारा किया जाएगा ।

(i) बाहरी परीक्षक जिस निदेशालय के बोर्ड आफ कंट्रोल की सिफारिश पर कुलपति नियुक्त करेगा और (ii) सम्बन्धित निरीक्षक बाहरी परीक्षक अपनी रिपोर्ट में यह दिखाएगा कि :—

(क) क्या शोध-निबन्ध को (i) स्वीकार किया जाए
(ii) संशोधन उपरांत पुनर्प्रस्तुत किया जाए
(iii) अस्वीकार किया जाए ।

(ख) यदि शोध-निबन्ध के स्वीकार करने में दो परीक्षकों में मतभेद हो, तो कुलपति यह शोध-निबन्ध किसी तीसरे परीक्षक को भेजेगा जिसकी नियुक्ति वह आप करेगा । इस परीक्षक का निर्णय अंतिम होगा ।

12. यदि शोध-निबन्ध दो परीक्षकों बाहरी और निरीक्षक ने स्वीकार कर दिया हो, तो परीक्षार्थी परीक्षक-बोर्ड के सामने इसका समर्थन करेगा जिसमें (i) (बाहरी परीक्षक) जिसने उसके शोध-निबन्ध का मूल्यांकन किया है, (ii) कारैस्पांडेंस कोर्सिज का निदेशक (iii) विभाग का कोआर्डिनेटर (सम्बन्धित निरीक्षक सम्मिलित होंगे । बाहरी परीक्षक के मौखिक परीक्षा लेने के अयोग्य होने की हालत में, उसके स्थानापन्न की नियुक्ति कारैस्पांडेंस कोर्सिज के निदेशक की सिफारिश पर कुलपति करेगा । परीक्षक-बोर्ड शोध-निबन्ध के मूल्यांकन को संख्यात्मक अंकों तबदील करके अंतिम रूप देगा । यह शोध-निबन्ध पर सामान्य रिपोर्ट भी पेश करेगा ।

यदि परीक्षार्थी को शोध-निबन्ध का संशोधन करने की जरूरत पड़े, उसको इसे उस तिथि के छः महीने के अंदर पेश करना पड़ेगा जिस तिथि को उसे यह निर्णय सूचित किया गया हो ।

13. परीक्षा पास करने के लिए न्यूनतम अंक निम्नानुसार होंगे :—

(क) प्रति पेपर में 45 प्रतिशत

(ख) कुल जोड़ में 50 प्रतिशत

14. सफल परीक्षार्थियों का निम्नानुसार वर्गीकरण किया जाएगा :–

(क) जो कुल अंकों के 70 प्रतिशत या ...... फर्स्ट डिवीजन डिस्टिंक्शन सहित
अधिक अंक प्राप्त करते हैं

(ख) जो कुल अंकों के 60 प्रतिशत या.....फर्स्ट डिवीजन
अधिक परन्तु 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं।

(ग) जो कुल अंकों के 60 प्रतिशत से......सैकन्ड डिवीजन
कम अंक प्राप्त करते हैं।

15. जो परीक्षार्थी परीक्षा में फेल हो जाता है अथवा कोर्सिज पूरे करके परीक्षा में बैठ नहीं सकता उसे एम० फिल० कोर्स के शुरू होने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के अन्दर दो लगातार अवसरों में, लैक्चरों के लिए कोर्स में उपस्थित होने के बगैर निर्धारित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जा सकती है।

16. इन नियमों और अधिनियमों की व्यवस्था के अधीन परीक्षा-कंट्रोलर परीक्षक-बोर्ड के निर्णय की प्राप्ति उपरांत परिणाम घोषित करेगा।

17. निदेशालय के परीक्षार्थी, जिनको एम०फिल० की डिग्री प्रदान कर दी गई हो अथवा एम०फिल० का परीक्षार्थी जिसको निदेशालय के कंट्रोल-बोर्ड ने पी० ऐच० डी० डिग्री के पंजीयन के लिए योग्य मान लिया है, द्वारा गुजारा वास्तविक समय जोइंट रिसर्च बोर्ड द्वारा पी०एच०डी० रिसर्च के न्यूनतम काल में शामिल किये जाने की अनुमति दी जा सकती है। ऐसे परीक्षार्थी पी०एच०डी० विनियमों के अनुसार कम से कम 30/36 सप्ताह की रिहाइश के सम्बन्ध में आनुपातिक समय माफी से छूट के योग्य होंगे।

4. कैलेंडर, भाग II के शिक्षा की 10+2+3 पद्धति के अन्तर्गत बी०ए०/बी०एस० सी० (जनर्ल और आनर्ज) और बी० काम० (जनर्ल और आनर्ज) परीक्षाओं के लिए विनियम (1988 के दाखिलों से लागू) निम्नानुसार होंगे :—

1. शिक्षा की 10+2+3 पद्धति के अन्तर्गत बी०ए० बी०एस० सी० (जनर्ल और आनर्ज) 1988 के दाखिलों से 3 वर्षीय संघटित डिग्री कोर्स होगा।

बी०ए० (जनर्ल)

2.1 (क) बी०ए० (जनर्ल) अध्ययन प्रोग्राम में 24 क्रैडिट होंगे और प्रत्येक क्रैडिट 100 अंक के बराबर होगा। पूर्ण शैक्षिक वर्ष में पढ़ा विषय 2 क्रैडिट का होगा। सभी थिअरी पेपर और प्रैक्टिकल, चाहे इनका क्रैडिट मूल्य कुछ भी हो, पूरे शैक्षिक वर्ष के दौरान पढ़े जायेंगे।

(ख) 24 क्रैडिटों में से, प्रत्येक विद्यार्थी "भाषा—संप्रेषण कौशल के रूप में" से सम्बन्धित 6 क्रैडिट के कोर्स करेगा जो प्रत्येक वर्ष में 2 क्रैडिट के हिसाब निम्नानुसार होंगे :—

पहला वर्ष

(i) अंग्रेजी भाषा संप्रेषण कौशल के रूप में	एक क्रैडिट
(ii) संप्रेषण कौशल के रूप में हिन्दी/पंजाबी और/कोई यूरोपीय (अंग्रेजी से भिन्न) अथवा भारतीय भाषा	एक क्रैडिट

दूसरा वर्ष

(i) संप्रेषण कौशल के रूप में अंग्रेजी भाषा	एक क्रैडिट
(ii) संप्रेषण कौशल के रूप में हिन्दी/पंजाबी/कोई यूरोपीय (अंग्रेजी से भिन्न) अथवा भारतीय भाषा	एक क्रैडिट

तीसरा वर्ष

(i) संप्रेषण कौशल के रूप में अंग्रेजी भाषा	एक क्रैडिट
(ii) संप्रेषण कौशल के रूप में हिन्दी/पंजाबी/कोई यूरोपीय (अंग्रेजी से भिन्न) अथवा भारतीय भाषा	एक क्रैडिट

दो संप्रेषण कौशल पेपर मिलाकर प्रत्येक वर्ष में एक विषय बनेगा। परीक्षार्थी को विनियमों में प्रस्तावित किए गए अनुसार प्रत्येक पेपर में अलग अलग तौर पर पास-अंक प्राप्त करने अनिवार्य हैं।

(ग) शेष 18 क्रैडिटों में से, 16 क्रैडिट इलैक्टिव विषयों के अध्ययन के लिए निम्नानुसार प्रयोग किए जायेंगे :—

पहला वर्ष :— प्रत्येक दो क्रैडिटों के तीन इलैक्टिव विषय।

दूसरा वर्ष :—प्रत्येक 2 क्रैडिटों के तीन इलैक्टिव विषय (वही विषय जो पहले वर्ष में थे)।

तीसरा वर्ष :—प्रत्येक 2 क्रैडिटों के ऊपर दिए गए तीन इलैक्टिव विषयों में से दो विषय।

इलैक्टिव विषयों के चयन में विद्यार्थियों को उचित स्वतंत्रता खुले प्राप्त होगी।

बी० ए० परीक्षा के लिए विद्यार्थी को आर्टस फैकल्टी से तीन इलैक्टिव विषय अथवा दो इलैक्टिव विषय आर्टस फैकल्टी से और एक इलैक्टिव विषय साईंस फैकल्टी से लेने पड़ेंगे।

बशर्ते कि ऐसा विद्यार्थी कोई भी साइंस विषय, समेत गणित-शास्त्र के, तभी ले सकेगा यदि उसने यह विषय योग्य- प्रदायी परीक्षा में पास किया हो अथवा इस विषय को दाखिला वर्ष की अनुपूरक परीक्षा में सम्बन्धित बोर्ड/यूनिवर्सिटी/काउंसिल से न्यून/अतिरिक्त विषय के रूप में पास किया हो।

आगे बशर्ते कि विद्यार्थी लेगा :—

(क) सांख्यकी केवल तब यदि वह गणित विज्ञान और एक आर्टस विषय लेता है।

(ख) व्यवहारिक सांख्यकी केवल तब यदि गणित विज्ञान को छोड़कर दो आर्टस विषय लेता है।

(ध) शेष दो क्रैडिटों के लिए, प्रत्येक विद्यार्थी तीसरे वर्ष में जर्नल साइंस और वैज्ञानिक विधि में एक एक क्रैडिट के दो कोर्स पढ़ेगा।

(च) ऊपर (ग) में दिए गए अनुसार, एक शैक्षिक वर्ष पेपढ़ें में जाने वाले इलैक्टिव विषय के लिए निर्धारित दो क्रैडिट, प्रत्येक एक एक क्रैडिट के दो पेपरों में पूरे किये जायेंगे। परन्तु उन विषयों में जिन में प्रैक्टिकल होते ह जैसे कि भूगोल, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, संगीत आदि, विषय की आवश्यकता के अनुसार एक/दो थिअरी पेपर और एक या अधिक प्रैक्टिकल होंगे। थिअरी पेपर और प्रैक्टिकल मिलाकर 2 क्रैडिट के मूल्य के होंगे। जैसे कि विनियमों में व्यवस्था की गई है, परीक्षार्थी को थिअरी पेपरों और प्रैक्टिकलों में अलग अलग तौर पर पास-अंक प्राप्त करने पड़ेंगे।

बी०एस सी० जर्नल

2.2(क) बी० एस सी० अध्ययन प्रोग्राम 24 क्रैडिटों का होगा और प्रत्येक क्रैडिट 100 अकों के बराबर होगा। पूर्ण शैक्षिक वर्ष के दौरान पढ़े जाने वाले विषय के 2 क्रैडिट होगें। सभी थिअरी पेपर और प्रैक्टिकल सारे शैक्षिक वर्ष में पढ़े जाएंगे, चाहे उनका क्रैडिट मूल्य कुछ भी हो।

(ख) प्रत्येक विद्यार्थी 24 क्रैडिटों में से 4 क्रैडिट का "सप्रेषण कौशल के रूप में भाषा से सम्बन्धित कोर्स, 2 क्रैडिट का पहले वर्ष में और 2 क्रैडिट का दूसरे वर्ष में निम्नानुसार करेगा :—

पहला वर्ष

(i) संप्रेषण कौशल के रूप में—अंग्रेजी भाषा एक क्रैडिट

(ii) संप्रेषण कौशल के रूप में—हिन्दी/ पंजाबी/कोई यूरोपीय (अंग्रेजी से भिन्न) अथवा भारतीय भाषा एक क्रैडिट

दूसरा साल

(i) संप्रेषण कौशल के रूप में—अंग्रेजी भाषा एक क्रैडिट

(ii) संप्रेषण कौशल के रूप में— हिन्दी/पंजाबी/ कोई यूरोपीय (अंग्रेजी से भिन्न) अथवा भारतीय भाषा एक क्रैडिट

दो संप्रेषण कौशल पेपर मिलाकर प्रत्येक वर्ष में एक विषय बनेगा। परीक्षार्थी को विनियमों में प्रस्तावित किए गए अनुसार प्रत्येक पेपर में अलग-अलग तौर पर पास-अंक प्राप्त करने अनिवार्य हैं।

(ग) शेष 20 क्रैडिटों में से 18 क्रैडिटों का प्रयोग तीन इलैक्टिव विषयों की पढ़ाई के लिए किया जाएगा, जिसमें से प्रत्येक वर्ष 6 क्रैडिट कोर्सिज़ निम्नानुसार लिए जाएंगे :—

पहला वर्ष :— 2 क्रैडिट प्रति विषय के (हिसाब तीन इलैक्टिव विषय।

दूसरा वर्ष :— 2 क्रैडिट प्रति विषय के हिसाब तीन इलैक्टिव विषय (वही विषय जो पहले वर्ष में थे)

तीसरा वर्ष :— 2 क्रैडिट प्रति विषय के हिसाब तीन इलैक्टिव विषय (वही विषय जो पहले और दूसरे वर्षों में थे)

इलैक्टिव विषयों के चयन में विद्यार्थियों को उचित स्वतन्त्रता और खुली होगी।

बी० एससी० के विद्यार्थी को उन द्वारा लिए तीन इलैक्टिव विषयों में से (भूविज्ञान, भूगोल विज्ञान और मानव-विज्ञान को छोड़कर) योग्यता प्रदायी परीक्षा में कम से कम विज्ञान के दो विषयों में पास होना चाहिए।

बशर्ते कि विद्यार्थी

(i) जिसने जीव विज्ञान लिया है, वह शरीर विज्ञान ले सकता है।

(ii) जिसने कृषि विज्ञान लिया है, वह जंतु विज्ञान या वनस्पति विज्ञान या दोनों ही ले सकता है।

(iii) जिसने जीव विज्ञान लिया है, वह जंतु विज्ञान या वनस्पति विज्ञान या शरीर विज्ञान या रासायनिकी ले सकता है।

(iv) जिसने शरीर विज्ञान लिया है, वह मानव शरीर रचना-विज्ञान ले सकता है।

(v) वह सूक्ष्म जैविकी केवल तभी ले सकता है यदि वह नीचे दिए विषय लेता है :—

(क) रासायनिकी या जीव रासायनिकी

(ख) वनस्पति विज्ञान या जंतुविज्ञान या शरीर विज्ञान या मानव शरीर रचना विज्ञान।

(vi) (i) सांख्यकी केवल तभी लेगा यदि वह गणित-विज्ञान के साथ एक विज्ञान का विषय लेता है।

(ii) व्यावहारिक सांख्यकी तभी लेगा यदि वह गणित विज्ञान को छोड़कर दो विज्ञान के विषय ले।

आगे बशर्ते कि ऐसा विद्यार्थी गणित विज्ञान तभी ले सकेगा यदि उसने यह विषय योग्यता प्रदायी परीक्षा में पास किया हो अथवा इस विषय को दाखिला वर्ष की अनुपूरक

परीक्षा में सम्बन्धित बोर्ड/यूनिवर्सिटी/काउंसिल से न्यून/अतिरिक्त विषय के रूप में पास किया हो।

(घ) शेष दो क्रैडिटों के लिए प्रत्येक विद्यार्थी तीसरे वर्ष में समाज विज्ञानों और मानविकियों में एक-एक क्रैडिट के दो कोर्स पढ़ेगा।

(च) ऊपर (ग) में दिए गए अनुसार, एक शैक्षिक वर्ष में पढ़े जाने वाले इलैक्टिव विषय के लिए निर्धारित दो क्रैडिट, प्रत्येक एक-एक क्रैडिट के दो पेपरों में पूरे किए जायेंगे, परन्तु उन विषयों में, जिनमें प्रैक्टिकल होते हैं, जैसा कि भूगोल विज्ञान, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान संगीत आदि, विषय की आवश्यकता के अनुसार एक/दो थिअरी पेपर और प्रैक्टिकल मिलाकर 2 क्रैडिट के मूल्य के होंगे। जैसा कि विनियमों में व्यवस्था की गई है, परीक्षार्थी को थिअरी पेपरों और प्रैक्टिकलों में अलग-अलग तौर पर पास-अंक प्राप्त करने पड़ेंगे।

बी० ए० (आनर्ज)

3.1. (क) बी० ए० (आनर्ज) अध्ययन-प्रोग्राम में 28 क्रैडिट होंगे और प्रत्येक क्रैडिट 100 अंकों के बराबर होगा। सारे शैक्षिक वर्ष के लिए विषय के लिए 2 क्रैडिट होंगे। सभी थिअरी पेपर और प्रैक्टिकल, चाहे उनका क्रैडिट मूल्य कोई भी हो, पूरे शैक्षिक वर्ष में पढ़ा जायेगा।

कोई भी विद्यार्थी उस द्वारा लिए तीन इलैक्टिव विषयों में से किसी एक में आनर्ज ले सकता है परन्तु शर्त यह है कि उसने बी०ए० (जर्नल) कोर्स की पहले वर्ष की परीक्षा में सम्बन्धित विषय में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हों।

(ख) 28 क्रैडिटों में से, प्रत्येक विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष में निम्नानुसार कोर्स करेगा :—

पहला वर्ष :—बी०ए० (जर्नल) के पहले वर्ष की तरह
(8 क्रैडिट)

दूसरा वर्ष :—बी०ए० (जर्नल) के दूसरे वर्ष की तरह ही। (इसके अतिरिक्त, जिस विषय में वह आनर्ज डिग्री करना चाहता है, उसमें एक-एक क्रैडिट के दो उच्च पेपर होंगे।
(10 क्रैडिट)

तीसरा वर्ष :—बी०ए० (जर्नल) के तीसरे वर्ष की तरह ही, परन्तु अन्तर इतना ही होगा कि दो इलैक्टिव विषयों में से एक विषय वह होगा, जिसमें विद्यार्थी आनर्ज कर रहा है। इसके अतिरिक्त, आनर्ज के विषय में एक एक क्रैडिट के दो उच्च पेपर होंगे।

तीसरे वर्ष में प्रत्येक विद्यार्थी जर्नल और वैज्ञानिक विधि में एक-एक क्रैडिट के दो कोर्स पढ़ेगा।

(ग) ऊपर (i) में दिए गए अनुसार, एक शैक्षिक वर्ष में पढ़े जाने वाले इलैक्टिव विषय के लिए निर्धारित दो क्रैडिट एक एक क्रैडिट के दो पेपरों में पूरे किए जायेंगे। परन्तु उन विषयों में जिनमें प्रैक्टिकल होते हैं जैसा कि भूगोल विज्ञान, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, संगीत आदि, विषय की आवश्यकता के अनुसार एक दो थिअरी पेपर और एक या अधिक प्रैक्टिकल होंगे। थिअरी पेपर और प्रैक्टिकल मिलाकर 2 क्रैडिट के मूल्य के होंगे। जैसा कि विनियमों में व्यवस्था की गई है, परीक्षार्थी को थिअरी पेपरों और प्रैक्टिकलों में अलग-अलग तौर पर पास अंक प्राप्त करने पड़ेंगे।

(घ) बी०ए० परीक्षा के लिए प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में बैठने वाला योग्य परीक्षार्थी बी०ए० (जर्नल) में लिए विषयों में से किसी में भी आनर्ज के पेपर दे सकता है बशर्ते कि वह ऊपर (क), (ख) और (ग) में निर्धारित शर्तें पूरा करता हो।

बी० एस सी० (आनर्ज)

3.2. (क) बी०एससी० (आनर्ज) अध्ययन-प्रोग्राम 26 क्रैडिट का होगा और एक क्रैडिट 100 अंक के बराबर होगा। सारे शैक्षिक वर्ष के दौरान में पढ़ा गया विषय में क्रैडिट का होगा। सभी थिअरी पेपर और प्रैक्टिकल, चाहे उनका क्रैडिट मूल्य कुछ भी हो, सारे शैक्षिक वर्ष में पढ़े जायेंगे।

कोई विद्यार्थी उस द्वारा लिए गए तीन इलैक्टिव विषयों में से किसी एक विषय में आनर्ज ले सकता है, बशर्ते कि उसने बी० एस सी० (जर्नल) कोर्स की पहले वर्ष की परीक्षा में सम्बन्धित विषय में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हों।

(ख) 26 क्रैडिटों में से, प्रत्येक विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष निम्नानुसार कोर्स करेगा :—

पहला वर्ष :—बी० एस सी० के पहले वर्ष की तरह ही।
(8 क्रैडिट)

दूसरा वर्ष :—बी० एस सी० के दूसरे वर्ष की तरह ही। इसके अतिरिक्त, जिस विषय में वह आनर्ज डिग्री करना चाहता है, उसमें एक उच्च पेपर एक क्रैडिट का होगा।
(9 क्रैडिट)

तीसरा वर्ष :—दो इलैक्टिव विषय जिनमें से एक विषय वह होगा जिसमें विद्यार्थी आनर्ज कर रहा है। इसके अलावा आनर्ज के विषय में एक-एक क्रैडिट के तीन उच्च पेपर होंगे।

तीसरे वर्ष में प्रत्येक विद्यार्थी समाज विज्ञानों और मानविकियों में एक-एक क्रैडिट के दो कोर्स पढ़ेगा।
(9 क्रैडिट)

(ग) ऊपर (ख) में दिए गए अनुसार, एक शैक्षिक वर्ष में पढ़े जाने वाले इलैक्टिव विषय के लिए निर्धारित दो क्रैडिट एक-एक क्रैडिट के दो पेपरों में पूरे किए जायेंगे। परन्तु उन विषयों में जिनमें प्रैक्टिकल होते हैं जैसा कि भूगोल विज्ञान, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, संगीत आदि, विषय की आवश्यकता के अनुसार एक/दो थिअरी पेपर और एक या अधिक प्रैक्टिकल होंगे। थिअरी पेपर और प्रैक्टिकल मिलाकर 2 क्रैडिट के मूल्य के होंगे। जैसी कि विनियमों में व्यवस्था की गई है, परीक्षार्थी को थिअरी पेपरों और प्रैक्टिकलों में अलग-अलग तौर पर पास-अंक प्राप्त करने पड़ेंगे।

4.1 जिस व्यक्ति ने नीचे दी गई परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की है, वह इस यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध किसी कालेज में बी० ए० अथवा बी० एससी० (जनर्ल और आनर्ज) के पहले वर्ष में दाखिल हो सकता है :—

(i) पंजाब यूनिवर्सिटी की बी० ए०/बी० एससी०/बी० काम भाग I (पुरानी स्कीम)/प्री मैडिकल/प्री इंजीनियरिंग/इंटरमीडिएट आर्टस (साइंस/कृषि, परीक्षा,

(ii) मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/ बोर्ड/ काउंसिल की शिक्षा की 10+2+3 पद्धति के अन्तर्गत +2 परीक्षा

(iii) कोई अन्य परीक्षा जिसको यूनिवर्सिटी ने ऊपर दिए हुए (i) और (ii) के बराबर मान लिया हो।

बशर्ते कि :—

(i) बी० एस सी० कोर्स में दाखिल होने वाले व्यक्ति ने योग्यता प्रदायी परीक्षा में कुल अंकों के कम से कम 20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।

(ii) बी० एस सी० कोर्स में दाखिल होने वाले व्यक्ति को, भूविज्ञान भूगोल विज्ञान और मानव-विज्ञान के विषयों को छोड़कर, उस द्वारा लिए जाने वाले इलैक्टिव विषयों में से योग्यताप्रदायी परीक्षा में कम से कम दो साइंस विषयों में पास होना जरूरी है। विनियम 2.2(ग) में निर्धारित शर्तों के अधीन वह तीसरा इलैक्टिव विषय फैकलटी आफ साइंस अथवा साइंस आफ आर्टस से ले सकता है।

4.2. जिस व्यक्ति ने नीचे दी हुई परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की है, वह बी० ए०/बी० एससी० (जनर्ल और आनर्ज) कोर्स, की दूसरे/तीसरे वर्ष की कक्षा जैसी भी स्थिति हो में दाखिला ले सकता है—

(क) पंजाब यूनिवर्सिटी की बी०ए०/बी० एससी० पहला/दूसरा वर्ष (जर्नल/आनर्ज) परीक्षा।

(ख) कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी (कुरुक्षेत्र) या पंजाबी यूनिवर्सिटी (पटियाला) की गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (अमृतसर) या हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी (शिमला) या महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (रोहतक) की शिक्षा की 10+2+3 पद्धति के अधीन बी० ए०/बी०एससी० पहले वर्ष या दूसरे वर्ष की परीक्षा बशर्ते कि वह बी०ए०/बी० एससी० पहले वर्ष या दूसरे वर्ष की परीक्षा के लिए विषय ही ले और ये विषय पंजाब यूनिवर्सिटी में उपलब्ध हों। बी०ए०/बी० एससी० की पहले वर्ष या दूसरे वर्ष की परीक्षा में प्राप्त अंक, जैसी भी स्थिति हो, उसकी डिवीजन के लिए गिने जायेंगे। किसी व्यक्ति द्वारा सम्बन्धित परीक्षा में प्राप्त अंक, पंजाब यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित अधिकतम अंकों के अनुसार, अधिकतम अंकों को बढ़ाकर या घटाकर ठीक किए जायेंगे।

आगे बशर्ते कि बी० एससी० कोर्स में दाखिल होने वाले व्यक्ति को ऊपर (ख) में दी गई परीक्षा के कुल अंकों में 40 प्रतिशत से कम अंक नहीं प्राप्त करने चाहिएं।

4.3 बी० ए० (जर्नल) परीक्षा उस व्यक्ति के लिए खुली होगी जिसको कैलेंडर, भाग दो के अध्याय। "प्राइवेट परीक्षार्थी" में सम्मिलित प्राइवेट परीक्षार्थियों से सम्बन्धित विनियमों के अधीन अनुमति दी गई हो, बशर्ते कि वह विनियम 4 की शर्तें पूरी करता हो।

5. सैनिक कर्मचारी/कोई अन्य सरकारी कर्मचारी और उनके पुत्र/पुत्रियां जिन्होंने किसी अन्य यूनिवर्सिटी से बी० ए०/बी० एससी० के पहले दूसरे वर्ष की परीक्षा पास की है और जिसकी बी० ए०/बी० एससी० (फाइनल) परीक्षा को इस यूनिवर्सिटी की बी० ए०/बी० एससी० समान मान्यता प्राप्त है, जिनकी इस यूनिवर्सिटी के अधिकार क्षेत्र में पढ़ रहे किसी स्थान पर बदली हो जाती है, उनको अपनी बदली पर या सैनिक कर्मचारी के पति/पत्नी की बदली पर किसी अन्य सरकारी कर्मचारी की बदली पर या पुत्र/पुत्रियां की हालत में अपने मां बाप या संरक्षकों की बदली होने पर बी० ए०/ बी० एससी० के दूसरे वर्ष/तीसरे वर्ष में दाखिल होने की अनुमति दी जा सकती है, यदि लिए गए विषय/कोर्स वही हों जो यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित किए गए हैं। यदि विषयों/कोर्सों में कोई कमी है, तो उसे न्यून विषयों/कोर्सों, यदि कोई हों, को आगामी दो लगातार परीक्षाओं में पास करना पड़ेगा। यदि वह न्यून/विषयों/कोर्सों में फेल हो जाता है, तो उसका बी०ए०/बी०एससी० दूसरा वर्ष/तीसरा वर्ष, जैसी भी स्थिति हो, का परिणाम रद्द समझा जायेगा।

तीसरे वर्ष की परीक्षा पास करने पर, अन्य यूनिवर्सिटी में पहले वर्ष/दूसरे वर्ष की परीक्षा में प्राप्त अंक उसकी डिवीज़न में शामिल किए जायेंगे और सम्बन्धित परीक्षा में प्राप्त अंकों को, पंजाब यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित अधिकतम अंकों के अनुसार अधिकतम अंकों को बढ़ा कर या घटा कर ठीक कर लिया जायेगा।

6. महिला परीक्षार्थी, जो अन्य यूनिवर्सिटी से बी० ए० पहले वर्ष/दूसरे वर्ष की परीक्षा पास करके इस यूनिवर्सिटी के अधिकार क्षेत्र में पढ़ रहे किसी स्थान पर स्थानांतरण कर लेती है, और उस यूनिवर्सिटी की बी०ए०/बी० एससी० (फाइनल) परीक्षा को इस यूनिवर्सिटी की बी० ए०/बी० एससी० परीक्षा के समानांतर मान्यता प्राप्त है, को प्राइवेट रूप में बी० ए० दूसरा वर्ष/तीसरा वर्ष की परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है। वह विनियम 5 द्वारा विनियमित हो

7. पहले/दूसरे /तीसरे वर्ष की परीक्षा उस विद्यार्थी के लिए खुली होगी जिसने

(क) कम से कम एक शैक्षिक वर्ष पहले, विनियम 4 में निर्धारित योग्यता प्रवायी परीक्षा पास कर ली है।

(ख) जिसने जिस कालेज में वह हाल ही में पढ़ता था, उसके प्रिंसीपल द्वारा अपना नाम परीक्षा-कंट्रोलर को भेज दिया है और वह कालेज के प्रिंसीपल द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है।

(i) परीक्षा के पूर्व के शैक्षिक वर्ष के लिए सम्बद्ध कालेज में हाजिर रहने का,

(ii) लिए गए विषयों में प्रत्येक में उसकी क्लास को दिए लैक्चरों के पूरे कोर्स के कम से कम 66 प्रतिशत लैक्चर (कोर्स की गणना अन्तिम तिथि तक होगी जब क्लासों को तैयारी छुट्टियां होती हैं) और (ग) प्रत्येक साइंस विषय या मनोविज्ञान प्रैक्टिकल काम के लिए नियत पीरियडों के 66 प्रतिशत पीरियड, या भूगोल की हालत में नक्शे का काम और प्रैक्टिकल और स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा तथा सुरक्षा अध्ययन के विषय में कम से कम 80 प्रतिशत पीरियडों में हाजिर रहने का,

(iii) सितम्बर और दिसम्बर में हुई दोनों हाऊस परीक्षाओं के परिणामों को मिलाकर, सभी विषयों के कुल अंकों के कम से कम 25 प्रतिशत अंक प्राप्त करने का।

व्याख्या :--हाऊस परीक्षा में प्रत्येक विषय के 100 अंक होंगे। बशर्ते कि कालेज का प्रिंसीपल अपने निर्णय से उन परीक्षार्थियों के लिए जो ऊपर (iii) में दी गई शर्तों को पूरा नहीं करते, फरवरी के तीसरे सप्ताह में विशेष टैस्ट रख सकता है विद्यार्थी को परीक्षा के लिए दाखिला भेजने के योग्य होने के लिए, तीनों इलैक्टिव विषयों के कुल अंकों में से कम से कम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने चाहिएं।

8. कालेज के प्रिंसीपल को प्रत्येक विषय में दिए कुल लैक्चरों और हुए पीरियडों का अलग अलग तौर पर 10 प्रतिशत की कमी को माफ करने का अधिकार है।

9. वायु सेना की नियमित शस्त्रबद्ध सेना के सदस्यों को, किसी सम्बद्ध कालेज में निश्चित परेडों में उपस्थिति रहने के बगैर ही प्राइवेट परीक्षार्थियों के रूप में डिफेंस-स्टडीज के विषय को लेने की अनुमति दी जाती है।

10. यूनिवर्सिटी द्वारा पहले वर्ष, दूसरे वर्ष और तीसरे वर्ष की परीक्षायें साधारणतया सिंडीकेट द्वारा निश्चित तिथियों पर निम्नानुसार होंगी :--

पहला और दूसरा वर्ष	साल में एक बार अप्रैल में
तीसरा वर्ष	साल में दो बार--अप्रैल और सितम्बर में।

कम्पार्टमैंट वाले परीक्षार्थियों के लिए, अनुपूरक परीक्षा उसी वर्ष के साधारणतया सितम्बर के महीने में सिंडीकेट द्वारा निश्चित तिथियों पर होगी।

11. सिंडीकेट द्वारा निश्चित, परीक्षा फार्म और फीस लेट फीस के बगैर और सहित लेने की अन्तिम तिथि को परीक्षा-कंट्रोलर द्वारा अधिसूचित किया जायेगा।

12. परीक्षार्थी परीक्षा के लिए अपने दाखिले का प्रार्थनापत्र नियत फार्म पर निम्नलिखित अधिकारियों से प्रतिहस्ताक्षरित आवश्यक प्रमाणपत्र सहित प्रस्तुत करेगा :--

(i) कालेज का प्रिंसीपल : सम्बद्ध कालेज के विद्यार्थी की हालत में

(ii) उस कालेज का प्रिंसीपल : लेट कालेज विद्यार्थी की हालत में जिसमें वह पहले पढ़ा हो।

परीक्षा कंट्रोलर 600 से अधिक विद्यार्थियों वाले कालेज के प्रिंसीपल को अधिकृत कर सकता है कि वह परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्मों को प्रमाणित करने का अधिकार अध्यापन स्टाफ के सीनियर सदस्य के सुपुर्द कर दें।

(iii) अन्यथा प्राप्त महिला : सम्बन्धित कालेज के प्रिंसीपल द्वारा कालेज के विद्यार्थी जिसके अपने विद्यार्थियों को प्राइवेट परीक्षार्थियों के रूप में भेजने की अनुमति प्राप्त हो।

(iv) अन्य प्राइवेट परीक्षार्थियों की हालत में निम्नलिखित में से किसी एक द्वारा :--

(क) मान्यता प्राप्त हायर सैकेन्ड्री स्कूल का मुख्याध्यापक

या

(ख) सम्बद्ध कालेज का प्रिंसीपल

या

(ग) यूनिवर्सिटी अध्यापन विभाग का चेयरमैन

या

(घ) जिला अथवा सर्कल शिक्षा अधिकारी

या

(च) दिल्ली के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा कंट्रोलर द्वारा अधिकृत व्यक्ति ।

या

(छ) सैनिक कर्मचारी की हालत में उसके यूनिट का कमांडिंग आफीसर

या

(ज) पूर्णकाली लाइब्रेरियनों और लाइब्रेरी क्लर्कों की हालत में यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी और सेंट्रल स्टेट लाइब्रेरी का अध्यक्ष

या

(झ) पंजाब यूनिवर्सिटी का फैलो

या

(ट) कुलपति की सिफारिश पर सिंडिकेट द्वारा अधिकृत कोई अन्य व्यक्ति ।

13. परीक्षार्थी द्वारा अदा की जाने वाली दाखिला फीस की राशि होगी :—

	कालेज परीक्षार्थी	प्राईवेट परीक्षार्थी
	रु०	रु०
(i) बी०ए० पहला वर्ष/दूसरा वर्ष तीसरा वर्ष) (जर्नल)	75	100
(ii) बी०एससी० पहला वर्ष, दूसरा वर्ष, तीसरा वर्ष (जर्नल)	100	125
(iii) बी०ए० अतिरिक्त विषय		50 एक विषय के लिए 100 एक से अधिक विषयों के लिए
(iv) बी०ए० दूसरा वर्ष/ तीसरा वर्ष (जर्नल और आनर्ज)	125	150
(v) बी०एससी० दूसरा वर्ष/तीसरा वर्ष (जर्नल और आनर्ज)	150	175

14. बी०ए०/बी० एस सी० (जर्नल और आनर्ज) डिग्री के कोर्स के पहले वर्ष, दूसरे वर्ष और तीसरे वर्ष के लिए परीक्षा नियत पाठ्यक्रम के अनुसार होगी ।

परीक्षा का माध्यम निम्नानुसार होगा :—

(क) प्रश्न पत्र निम्नानुसार पाये जायेंगे :—

(i) अंग्रेजी की हालत में अंग्रेजी में,

(ii) आधुनिक भारतीय भाषा की हालत में सम्बन्धित भाषा में,

(iii) सजातीय आधुनिक भारतीय भाषा में (संस्कृत की हालत में हिन्दी और पंजाबी, अरबी और फारसी की हालत में उर्दू) अथवा क्लासिकल भाषा की हालत में अंग्रेजी या स्वयं क्लासिकल भाषा,

(iv) निम्नलिखित विषयों की हालत में अंग्रेजी, हिन्दी और पंजाबी में :—

अर्थशास्त्र, समाज विज्ञान, लोक प्रशासन, दर्शन, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास और संस्कृति, संगीत (भारतीय, तबला, भारतीय क्लासिकल नृत्य, कला, कला का इतिहास, क्ले माडलिंग, गृहविज्ञान, मनोविज्ञान डिफैन्स स्टडीज और शिक्षा ।

(v) अन्य विषयों और प्रैक्टिकल पेपरों की हालत में अंग्रेजी में ।

(ख) परीक्षार्थी अपने उत्तर लिखेंगे :—

(क) बी० ए०/बी० एस सी० (जर्नल कोर्स)

(i) अंग्रेजी की हालत में अंग्रेजी,

(ii) आधुनिक भारतीय भाषा की हालत में सम्बन्धित भाषा,

(iii) सजातीय आधुनिक भारतीय भाषा (संस्कृत की हालत में) हिन्दी अथवा पंजाबी, अरबी और फारसी की हालत में उर्दू) अथवा क्लासिकल भाषा की हालत में अंग्रेजी या स्वयं क्लासिकल भाषा,

(iv) नीचे दिए विषयों की हालतों में अंग्रेजी या हिन्दी या पंजाबी या उर्दू :—

अर्थशास्त्र, समाजविज्ञान, लोक प्रशासन, दर्शन, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास और संस्कृति, संगीत (भारतीय कला, गृहविज्ञान, मनोविज्ञान डिफैंस स्टडीज और शिक्षा) ।

जहां जरूरत पड़े परीक्षार्थी तकनीकी शब्दावली का प्रयोग अंग्रेजी में भी कर सकता है ।

(v) विज्ञान के विषयों की हालत में अंग्रेजी ।
मानविकियों विषयों की हालत में अंग्रेजी या हिन्दी या पंजाबी ।

(vi) परीक्षार्थी फ्रैंच और जर्मन की हालत में अनुवाद के लिए अंग्रेजी या हिन्दी या पंजाबी का या उर्दू का प्रयोग कर सकते हैं ।

(ख) बी० ए०/बी० एस० सी० (आनर्ज कोर्स) के लिए :—

(i) आधुनिक भारतीय भाषा की हालत में सम्बन्धित भाषा,

(ii) क्लासिकल भाषा की हालत में सजातीय भारतीय भाषा या अंग्रेजी या स्वयं क्लासिकल भाषा,

(iii) अंग्रेजी की हालत में अंग्रेजी,

(iv) विज्ञान के विषयों की हालत में अंग्रेजी,

(v) मानविकी विषयों की हालत में अंग्रेजी या हिन्दी या पंजाबी ।

16. जिस विद्यार्थी के सम्बद्ध कालेज में पहले वर्ष/दूसरे वर्ष/तीसरे वर्ष की परीक्षा के लिए शिक्षा का नियत कोर्स पूर्ण कर लिया है और वह परीक्षा नहीं देता, अथवा परीक्षा में फेल हो जाता है, उसको निम्नानुसार सम्बन्धित कालेज के प्रिंसीपल की सिफारिश पर शिक्षा का नया कोर्स किए बिना लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में परीक्षा देने की आज्ञा दी जा सकती है :—

(क) पहला वर्ष — आगामी दो लगातार वर्षों में

(ख) दूसरा वर्ष — आगामी दो लगातार वर्षों में

(ग) तीसरा वर्ष — आगामी तीन लगातार वर्षों में

17. जो विद्यार्थी एक या अधिक विषयों में लैक्चरों की कमी के कारण परीक्षा नहीं दे सकता, उसे अगले वर्ष में लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है, यदि वह नए सिरे से किसी सम्बद्ध कालेज में दाखिल हो जाए और लैक्चरों की कमी को पूरा कर ले ।

18. जिस विद्यार्थी ने लैक्चरों की निश्चित संख्या पूरी कर ली है, उसको अगले वर्ष में लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है, चाहे वह हाऊस परीक्षा से सम्बन्धित विनियम (7) की शर्तें न भी पूरी करता हो ।

19. आंतरिक मूल्यांकन के अंक सम्बन्धित विषय के पाठ्यक्रम में की गई व्यवस्था के अनुसार होंगे ।

कालेज लिए गए हाऊस टैस्टों के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन अंक देगा और इन्हें यूनिवर्सिटी रोल नम्बरों के प्राप्त करने के बाद और परीक्षा शुरू होने से पहले नियत प्रोफार्मे के ऊपर तुरंत भेजेगा । लेट कालेज विद्यार्थी की हैसियत में, प्राइवेट तौर पर परीक्षा देने वाले फेल हुए विद्यार्थी को अगली परीक्षा तक अपने आंतरिक मूल्यांकन अंक ले जाने की अनुमति होगी । बशर्ते कि प्राइवेट परीक्षार्थियों की हालत में, सम्बन्धित विषय के पाठ्यक्रम में आंतरिक मूल्यांकन की व्यवस्था नहीं होगी और प्रैक्टिकल परीक्षा के बाहरी मूल्यांकन में प्राप्त अंकों को आनुपातिक तौर पर बढ़ाया जायेगा ।

20. बी० ए०/बी० एस० सी० (जनर्ल) पहले वर्ष, दूसरे वर्ष और तीसरे वर्ष की परीक्षाओं में पास होने के लिए प्रत्येक विषय में न्यूनतम अंक 35 प्रतिशत होंगे, परन्तु संप्रेषण कौशल की हालत में, परीक्षार्थियों को प्रत्येक पेपर और भाग में अलग-अलग तौर पर पास अंक प्राप्त करने होंगे बशर्ते कि यह प्रतिशतता अलग-अलग तौर पर लिखित परीक्षा और प्रैक्टिकल के बाहरी मूल्यांकन, जिसमें भूगोल का नक्शे का काम भी सम्मिलित है, में आवश्यक होगी ।

21. बी० ए०/बी० एस० सी० (आनर्ज) के लिए जनर्ल पेपरों और सम्बन्धित विषय के आनर्ज पेपरों में, दूसरे वर्ष और तीसरे वर्ष की परीक्षा के संयुक्त परिणामों के आधार पर न्यूनतम पास अंक 45 प्रतिशत होंगे, बशर्ते कि इस प्रतिशतता की आवश्यकता अलग-अलग तौर पर लिखित परीक्षा और प्रैक्टिकल/प्रैक्टिकलों के बाहरी मूल्यांकन, जिसमें भूगोल का नक्शे का काम भी सम्मिलित है, में होगी । परीक्षार्थी द्वारा दूसरे वर्ष की परीक्षा में प्राप्त अंक सम्बन्धित कालेज के प्रिंसीपल को भेज दिए जायेंगे ।

22. भूगोल में बी० ए० आनर्ज परीक्षा के लिए कौरेस्पांडेंस कोर्सिज निदेशालय के परीक्षार्थी को इस विषय के अध्यापन के लिए मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध संस्था अथवा इस मतलब के लिए भूगोल के बोर्ड आफ स्टडीज/अकादमिक कांउसिल द्वारा अनुमोदित संस्था के अध्यापक इंचार्ज से लिया और उस संस्था के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित ऐसा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसने इस विषय में प्रैक्टिकल के काम के लिए नियत कोर्स पूरा कर लिया है ।

23. जिस परीक्षार्थी ने बी० ए०/बी० एस० सी० परीक्षा के लिए किसी विषय में आनर्ज ली है और जिसने बी०ए० (जनर्ल) दूसरा वर्ष/तीसरा वर्ष परीक्षा में कम्पार्टमेंट विनियम के अधीन विषय या विषयों में रि-अपीयर होना है, उसे आनर्ज के पेपर देने की अनुमति दी जाएगी, परन्तु उसकी आनर्ज परीक्षा का परिणाम तभी घोषित किया जायेगा जब वह कम्पार्टमेंट विनियम में निश्चित की अवधि में यह परीक्षा पास कर लेता है ।

24. बी० ए० परीक्षा में आनर्ज लेने वाला परीक्षार्थी, नियत फीस और जिस सम्बद्ध कालेज में वह पढ़ा है, उसके प्रिंसीपल द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाण-पत्रों के साथ अपना प्रार्थना-पत्र परीक्षा कंट्रोलर को भेजेगा :—

(i) उसके उस संस्था में जिसे आनर्ज विषय के लिए संबंधन प्रदान किया गया है, अकादमिक कांउसिल द्वारा अनुमोदित विषय में कार्य के प्रोग्राम के अनुसार आनर्ज कलास को दिए गए लैक्चरों के पूर्ण कोर्स का 66 प्रतिशत में उपस्थित होने का प्रमाण-पत्र ।

(ii) प्रैक्टिकल काम (भूगोल की हालत में नक्शे के काम सहित) के लिए पीरियडों के 66 प्रतिशत में उपस्थित रहने का प्रमाण-पत्र ।

25. किसी सम्बद्ध कालेज का विनियमित परीक्षार्थी आनर्ज समेत किसी ऐसे विषय को ले सकता है जिस विषय के लिए उसके कालेज को संबंधन न मिला हो । ऐसा वह इस विषय के लिए अन्य किसी कालेज में नियत शिक्षा कोर्स में उपस्थित होकर कर सकता है । दूसरे कालेज का प्रिंसीपल यह प्रमाणित करेगा कि उस परीक्षार्थी ने लैक्चरों आदि की नियत संख्या पूरी कर ली है, जिस कालेज में विद्यार्थी दाखिल हुआ है, उसका प्रिंसीपल, उसका नाम पुष्टि के लिए यूनिवर्सिटी के परीक्षा कंट्रोलर को भेजेगा ।

26. जिस परीक्षार्थी ने --

(ii) इस यूनिवर्सिटी से बी० ए० अथवा बी० एस० सी० पास की है,
अथवा

(2) मास्टर आफ आर्टस या मास्टर आफ साईंस या कोई अन्य परीक्षा जिसको सिंडीकेट ने इसके समान मान्यता प्रदान की हो, पास की है, वह उन विषयों को छोड़कर जो उसने पहले पास कर लिए हैं, परीक्षा के लिए निश्चित किसी एक या अधिक विषयों में बी० ए० या बी० एससी० की किसी आगामी परीक्षा में बैठ सकता है ।

जो परीक्षार्थी ऊपर (2) के आधार पर आज्ञा चाहता है, उसको यह अनुमति तभी दी जायेगी जब वह पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश या संघ प्रदेश चंडीगढ़ का निवासी हो ।

27.1 जो परीक्षार्थी कुल अंकों में 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है और एक विषय में फेल हो जाता है जिसमें वह 20 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है, उसे आगामी दो परीक्षाओं में उस विषय में पेपर देने की अनुमति दी जायेगी, और यदि वह इन दोनों परीक्षाओं में से किसी एक में पास कर लेता है, तो उसे इस परीक्षा में पास हुआ समझा जायेगा ।

27.2 जिस परीक्षार्थी की कम्पार्टमेंट आई हो, वह अस्थायी रूप में अगली उच्च क्लास में दाखिल होने के योग्य है । यदि वह कम्पार्टमेंट के विषय को आगामी दो लगातार अवसरों में पास नहीं कर पाता, तो उच्च परीक्षा के लिए उसका परिणाम रद्द समझा जायेगा । कम्पार्टमेंट विषय के लिए, वह विनियमित विद्यार्थी या लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में परीक्षा दे सकता है ।

27.3 सिंडिकेट विनियमित सशस्त्र सेनाओं के सदस्य की हालत में इस अवधि को बढ़ा सकती है, जो इस अवधि में सुरक्षा आपात के कारण इस अवसर का फायदा न उठा सका हो ।

27.4. जो परीक्षार्थी इस विनियम के अधीन अनुपूरक परीक्षा में कम्पार्टमेंट विषय में बैठता है,

1. उसे पूर्ण परीक्षा जितनी परीक्षा फीस अदा करनी पड़ेगी, और

2. वह कोई वजीफा, इनाम या तमगा प्राप्त करने के योग्य नहीं होगा ।

28. सफल परीक्षार्थियों का वर्गीकरण पहले वर्ष, दूसरे वर्ष और तीसरे वर्ष की परीक्षाओं में से प्राप्त अंकों को मिलाकर कुल प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा :--

(क) जो कुल अंकों का 60 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करते हैं .....फर्स्ट डिवीजन

(ख) जो कुल अंकों का 50 प्रतिशत या अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं .....सैकन्ड डिवीजन

(ग) जो कुल अंकों का 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं .....थर्ड डिवीजन

29. परीक्षा समाप्त होने के छः सप्ताह पश्चात या जितनी जल्दी संभव हो, परीक्षा कंट्रोलर, परीक्षार्थियों के परिणाम की सूची प्रकाशित करेगा । पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षा के परिणाम अथवा-स्योरेबार अंक कार्ड प्रत्येक परीक्षार्थी को जारी किये जायेंगे । तीसरे वर्ष (फाइनल) की परीक्षा के प्रत्येक सफल परीक्षार्थी को बी० ए०/बी० एस० सी० (जनर्ल) अथवा बी० ए०/बी० एस० सी० (आनर्ज) जैसी भी स्थिति हो की डिग्री प्रदान की जायेगी, जिसमें परीक्षा में प्राप्त की डिवीजन का उल्लेख किया जायेगा।

30. जो विद्यार्थी बी० एस० सी० (जनर्ल) कोर्स की पहले वर्ष की परीक्षा में फेल हो जाता है और आर्टस विषय लेने चाहता है, वह लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में बी० ए० (जनर्ल कोर्स) की पहले वर्ष की परीक्षा में बैठने के योग्य नहीं होगा ।

31. जो व्यक्ति पंजाब यूनिवर्सिटी से बी० ए०/बी० एस० सी० (जनर्ल) या बी० ए०/बी० एस० सी०/(आनर्ज) की डिग्री प्रदान करने के योग्य है, उसे अपने पहले अंकों में सुधार करने के लिए प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में पहले पास किये विषय/विषयों में रिअपीयर होने की अनुमति दी जा सकती है । वह पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षाओं में एक साथ या अलग-अलग तौर पर रि-अपीयर हो सकता है ।

इस मतलब के लिए, वह तीसरे वर्ष की परीक्षा पास करने के तुरंत अगले शिक्षा वर्ष में सितम्बर और/अथवा अप्रैल में परीक्षा दे सकता है ।

32.1. जिस व्यक्ति ने इस यूनिवर्सिटी से बी० ए०/बी० एस० सी० (जनर्ल) अथवा बी० ए०/बी० एस० सी० (आनर्ज) परीक्षा पास की है, वह प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में आगामी बी० ए०/बी० एस० सी० (जनर्ल) या बी० ए०/बी० एस० सी० (आनर्ज) परीक्षा में परीक्षा के लिए नियत

उन एक या अधिक विषयों में परीक्षा दे सकता है जो उसने पहली परीक्षा में पास न किए हों ।

बशर्ते कि साईंस विषय/विषयों की हालत में, परीक्षार्थी सम्बद्ध कालेज में पढ़ेगा और कालेज के प्रिंसीपल से यह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा कि उसने नियत कोर्स पूरा कर लिया है ।

इस मतलब के लिए, उसे पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं एक साथ या अलग-अलग तौर पर देनी होंगी ।

32.2. ऐसे परीक्षार्थी को सिंडिकेट द्वारा समय समय पर निश्चित की गई परीक्षा फीस देनी होगी ।

32.3. विनियम 20 में निर्धारित किए गए अनुसार, प्रत्येक विषय में पास होने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक 35 प्रतिशत होंगे ।

33. जिस व्यक्ति ने बी० ए० (जनर्ल और आनर्ज) और बी० एस० सी० (आनर्ज) परीक्षा पास कर ली है, वह उस तीसरे इलैक्टिव विषय में अतिरिक्त कार्य के दो क्रेडिट और करने के योग्य होगा जो उसने तीसरे वर्ष की परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम के अनुसार पहले/दूसरे वर्ष के लिए पहले ही लिए थे, ताकि वह उस विषय में भी मास्टर के कोर्स में दाखिला लेने के योग्य हो सकें ।

34. जिस व्यक्ति ने इस यूनिवर्सिटी से बी० ए० (जनर्ल) या बी० ए० (आनर्ज) पास की है, वह किसी सम्बद्ध कालेज के विनियमित विद्यार्थी के रूप में इस यूनिवर्सिटी की बी० एस० सी० (जनर्ल) या बी० एस० सी० (आनर्ज) परीक्षा दे सकता है । और उसकी उत्तर स्थिति भी वही है, बशर्ते कि वह वैसे यह परीक्षा देने के योग्य हो ।

35. यदि कोई परीक्षार्थी अपनी उत्तर-पुस्तिका की पुनर्जांच करवानी चाहता है, वह सिंडिकेट द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार नियम फार्म पर परीक्षा कंट्रोलर, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ को प्रार्थना-पत्र दे सकता है ।

निरसन

कैलेंडर, भाग , 1984 के पृष्ठ 61–80 पर दिए विनियमों के अनुसार बी० ए० (पास और आनर्ज) और बी० एस० सी० (पास और आनर्ज) डिग्री कोर्स के भाग I और II के लिए दाखिला जुलाई, 1988 से आरम्भ होने वाले शिक्षा-वर्ष जिसमें 1988 का शिक्षा वर्ष भी सम्मिलित होगा, से बन्द किया जायेगा ।

अस्थाई विनियम

1. पुरानी स्कीम के परीक्षार्थियों, जिन्होंने इस यूनिवर्सिटी से बी० ए०/बी० एस० सी० भाग I/भाग II परीक्षा पास की है और जो पाईप-लाइन में है, उनको/समोचित विनियमों के अन्तर्गत नियत अवसरों के अनुसार 1993 तक पुरानी स्कीम के अधीन प्राइवेट परीक्षार्थियों के रूप में क्रमानुसार बी० ए०/बी० एस० सी० भाग II और III परीक्षाएं देने की अनुमति दी जायेगी । जो परीक्षार्थी 1993 तक यह परीक्षा पास नहीं कर सकेंगे, वे नई स्कीम के अधीन कोर्स में दाखिल होंगे ।

1.2 जिन परीक्षार्थियों ने पुरानी स्कीम के अधीन इस यूनिवर्सिटी से बी० ए०/बी एस० सी० भाग I परीक्षा पास की है, उसे नई स्कीम के अधीन कोर्स में दाखिला लेने की छूट होगी ।

1.3 ऐसे परीक्षार्थी जो पुरानी स्कीम को पसन्द करते है और विनियम 1 में निर्धारित किए अनुसार प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में बी० ए०/बी० एस० सी० भाग II और III (पास और आनर्ज) परीक्षाएं देते हैं, वे इस मतलब के लिए मान्यता प्राप्त कालेज/संस्था के प्रिंसीपल से यह प्रमाण-पत्र लेकर भेजेंगे कि परीक्षार्थी ने सम्बन्धित विषय में प्रैक्टिकल काम के लिए नियत कोर्स पूरा कर लिया है । प्रैक्टिकल पूरा करने के लिए नैमित्तिक विद्यार्थियों के रूप में इस यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध कालेज में दाखिल हो सकते हैं ।

पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़

बैचलर आफ कामर्स (जनर्ल और आनर्ज)
परीक्षाओं के लिए विनियम

1. बैचलर आफ कामर्स (जनर्ल और आनर्ज) शिक्षा की 10+2+3 पद्धति के अधीन 1988 के दाखिलों से 3 वर्षीय सघटित डिग्री कोर्स होगा ।

2. बी० काम (जनर्ल) अध्ययन प्रोग्राम में 28 क्रेडिट होंगे । एक क्रेडिट के 100 हाक होंगे ।

3. बी० काम (जनर्ल) डिग्री कोर्स के पहले वर्ष की क्लास में दाखिला वे व्यक्ति ले सकेंगे जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/कांउसिल/यूनिवर्सिटी से नीचे दी गई परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की हो :—

(क) शिक्षा की 10+2+3 पद्धति के अधीन नीचे दिए गए विषयों और ग्रुप सहित +2 परीक्षा पास की हो ।

(i) +2 कामर्स ग्रुप जिसमें कुल अंकों में से कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों :

(ख) (कामर्स से अन्य) +2 कोई ग्रुप जिसमें नीचे दिए गए विषयों में से कोई एक या अधिक विषय लिया हो—

कामर्स
लेखाकारी
अर्थशास्त्र
गणित
व्यापार संगठन और प्रबन्ध
लेखा विद्या और हिसाब किताब

योग्यता का निर्धारण निम्नानुसार किया जाएगा :—

(i) जिन्होंने उपर्युक्त 3 विषयों में ..... कुल अंकों में से 45 ०/० पास की है।

(ii) जिन्होंने उपर्युक्त 2 विषयों में ..... कुल अंकों में से 50 ०/० पास की है।

(iii) जिन्होंने उपर्युक्त 3 विषयों ..... कुल अंकों में से 55 ०/० से पास की है।

(ग) (कामर्स ग्रुप को छोड़कर) 10+2+3 की शिक्षा पद्धति के अधीन +2 का कोई ग्रुप जिसमें मानविक ग्रुप सम्मिलित होगा और ऊपर (ख) में दिए गए विषयों में से कोई विषय नहीं होगा और यह परीक्षा कुल अंकों में से कम से कम 60 प्रतिशत अंक लेकर पास की होनी चाहिए।

(ख) (क) कुल अंकों में से कम से कम 40 ०/० अंकों सहित पंजाब यूनिवर्सिटी से बी० काम भाग I/इन्टर (कामर्स) पुरानी स्कीम),

(ख) कुल अंकों में से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों सहित पंजाब यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र और गणित सहित बी० ए० भाग I/इन्टर (आर्टस) (पुरानी स्कीम),

(ग) कुल अंकों में से कम से कम 55 ०/० अंकों सहित गणित या अर्थशास्त्र सहित पंजाब यूनिवर्सिटी के बी० ए०/बी० एस० भाग I/प्री० इंजीनियरिंग पुरानी स्कीम),

(घ) कुल अंकों में से कम से कम 60 प्रतिशत अंकों सहित और अर्थशास्त्र/गणित के विषय के बिना पंजाब यूनिवर्सिटी से बी० ए०/बी० एस० सी० भाग I। भाग II/इन्टरमीडियेट/प्री० इंजीनियरिंग प्री मैडिकल।

(ग) पंजाब यूनिवर्सिटी की बी० ए०/बी० एस०सी० भाग III।

(च) यूनिवर्सिटी द्वारा आवश्यक ग्रुप/विषय/विषयों और अंकों की प्रतिशतता सहित ऊपर (क) या (ख) या (ग) के समान मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा।

3.2. जिस व्यक्ति ने निम्नलिखित परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की है, वह बैचुलर आफ कामर्स (जनर्ल और आनर्ज) कोर्स की दूसरे/तीसरे वर्ष की कलास, जैसी भी स्थिति हो, में दाखिल हो सकता है:

(क) यूनिवर्सिटी के बैचुलर आफ कामर्स (जनर्ल और आनर्ज) की पहले/दूसरे वर्ष की परीक्षा।

(ख) यदि विषय/कोर्स वही है जो यूनिवर्सिटी द्वारा नियत किए गए हैं, तो कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी (कुरुक्षेत्र) या पंजाबी यूनिवर्सिटी (पटियाला) या गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (अमृतसर) या हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी (शिमला) या महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी (रोहतक) की 10+2+3 शिक्षा पद्धति के अधीन बैचुलर आफ कामर्स की पहले वर्ष या दूसरे वर्ष की परीक्षा विषयों (कोर्सों) एक अंक में से कुछ न्यूनता होने की हालत में, उसे आगामी लगातार दो परीक्षाओं में न्यून विषयों/कोर्सों यदि कोई हों, को पास करना पड़ेगा। यदि वह न्यून विषयों/कोर्सों में फेल हो जाता तो उसका बी० आकाम दूसरा वर्ष या बी० काम तीसरा वर्ष, जैसी भी हालत हो, का परिणाम रद्द समझा जायेगा।

बशर्ते कि विद्यार्थी द्वारा बी० काम, पहला वर्ष और बी० काम दूसरा वर्ष परीक्षा में प्राप्त अंक जैसी भी स्थिति हो, उसकी डिवीजन में शामिल किए जायेंगे और सम्बन्धित परीक्षा में प्राप्त अंकों को, पंजाब यूनिवर्सिटी द्वारा निश्चित अधिकतम अंकों के अनुसार, अधिकतम अंकों को घटाया बढ़ा कर प्रसामान्य किया जायेगा।

4.1 पहले/दूसरे/तीसरे वर्ष की परीक्षा उस विद्यार्थी के लिए खुली होगी जिसने :—

(क) विनियम 3 में निर्धारित किए अनुसार एक शिक्षा वर्ष पूर्व योग्यता प्रदायी परीक्षा पास की हो,

(ख) उस कालेज के प्रिंसीपल द्वारा, जिसमें वह हाल ही में पढ़ा हो, अपना नाम परीक्षा कंट्रोलर को भेजा हो, और उस कालेज के प्रिंसिपल द्वारा हस्ताक्षरित नीचे दिए गए प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें :—

(i) परीक्षाओं से पूर्व के शिक्षा वर्ष में सम्बद्ध कालेज में उपस्थित रहने का।

(ii) लिए प्रत्येक विषय में अपनी कलास में लिए कुल लिए लैकचरों और हुए ट्यूटोरियलों में अलग अलग तौर पर कम से कम 66 प्रतिशत में हाजिर रहने का।

(कोर्स को उस अंतिम दिन तक गिना जायेगा जब कलासें तैयारी छुट्टियों के लिए बंद होती हैं)

(iii) पहली सितम्बर में और दूसरी नवम्बर में हुई दो हाऊस परीक्षाओं के परिणामों को मिलाकर गिने सब पेपरों के कुल अंकों में कम से कम 25 प्रतिशत अंक प्राप्त करने का।

व्याख्या:— हाउस परीक्षा में प्रत्येक पेपर के लिए 100 अंक होंगे।

बशर्ते कि कालेज का प्रिंसीपल अपनी इच्छानुसार फरवरी के सप्ताह, ऊपर (ii) की शर्तों को पूरा न करने वाले विद्यार्थियों का एक विशेष टैस्ट ले सकता है। परीक्षा देने के योग्य होने के लिए विद्यार्थी को सभी पेपरों के अंकों को मिलाकर कुल अंकों के कम से कम 30 प्रतिशत अंक

प्राप्त करने होंगे। जो विद्यार्थी विशेष टैस्ट में शर्तों को पूरा करते हों, उनके परीक्षा फार्म नियत देरी फीस के साथ 1 मार्च तक यूनिवर्सिटी कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए।

आगे बशर्ते कि परीक्षाओं को दूसरे/तीसरे वर्ष की परीक्षा पहले/दूसरे वर्ष की परीक्षा के पास करने के क्रमानुसार तीन वर्ष के भीतर दे देनी चाहिए।

4.2. कालेज के प्रिंसीपल को प्रत्येक विषय में अलग अलग तौर पर दिए कुल लैक्चरों और हुए कुल ट्यूटोरियलों के 10 % तक की न्यूनता को माफ करने का अधिकार होगा।

5. पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं साधारणतया यूनिवर्सिटी द्वारा सिंडीकेट द्वारा निर्धारित की गई तिथियों पर निम्नानुसार होंगी :—

पहला और दूसरा वर्ष	वर्ष में एक बार अप्रैल में
तीसरा वर्ष	वर्ष में दो बार अप्रैल और सितम्बर में

जिन परीक्षार्थियों की कम्पार्टमैंट आई हो, उनके लिए उसी वर्ष के साधारणतया सितम्बर के महीने में सिंडीकेट द्वारा निश्चित की गई तिथि पर अनुपूरक परीक्षा होगी।

6. परीक्षार्थी परीक्षा के लिए अपना प्रार्थना पत्र आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ नियत फार्म पर भेजेगा जो निम्नानुसार हस्ताक्षरित होगा :—

(i) कालेज का प्रिंसीपल :	सम्बद्ध कालेज को विद्यार्थी की हालत में
(ii) उस कालेज का प्रिंसीपल : जिसमें वह हाल ही में पढ़ा हो।	लेट कालेज की विद्यार्थी की हालत में

7. देरी फीस के बिना और साथ परीक्षा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि, जैसी की सिंडीकेट ने निश्चित की हो, परीक्षा कंट्रोलर द्वारा अधिसूचित की जाएगी।

8. परीक्षार्थी द्वारा दी जाने वाली दाखिला फीस की राशि निम्नानुसार होगी :—

(i) बी० काम० पहला वर्ष, दूसरा वर्ष और तीसरा वर्ष (जर्नल)	75	100
(ii) बी० काम० दूसरा वर्ष/ तीसरा वर्ष (जर्नल और आनर्ज)	125	150

9. बी० काम (जर्नल) और (आनर्ज) डिग्री कोर्स के पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं नियत पाठ्यक्रम के अनुसार होंगी।

10. संप्रेषण कौशल के तौर पर भाषा के लिए माध्यम को छोड़कर, जिसके लिए संबंधित भाषा माध्यम होगी, परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी या हिन्दी या पंजाबी या उर्दू होगा।

11.1 प्रत्येक परीक्षा को पास करने के लिए प्रत्येक पेपर में न्यूनतम अंक 35 प्रतिशत होंगे।

11.2 जो परीक्षार्थी सारे विषयों के कुल अंकों के 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है और केवल एक विषय में फेल हो जाता है जिस में वह कम से कम 20 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है, उसे केवल उसी विषय में आगामी दो लगातार परीक्षाओं में बैठने की अनुमति दी जायेगी और यदि वह इनमें से किसी परीक्षा में इस विषय को पास कर लेता है, तो उसे इस परीक्षा को पास किया समझा जाएगा।

जिस परीक्षार्थी को यह छूट दी जाती है, उसे अस्थायी रूप में उच्च क्लास में दाखिल होने के योग्य समझा जायेगा, परन्तु यदि वह अनुपूरक में कम्पार्टमैंट के विषय पास नहीं कर पाता, तो उसे आगामी वर्ष की वार्षिक परीक्षा के साथ उस विषय में फिर से बैठने की अनुमति दी जायेगी, परन्तु यदि वह दूसरी बार, भी कम्पार्टमैंट विषय में पास नहीं हो पाता, उसका दूसरे वर्ष या तीसरे वर्ष का परिणाम, जैसी भी हालत हो, रद्द कर दिया जायेगा। आगामी वार्षिक परीक्षा के कम्पार्टमैंट विषय के लिए, वह नियमित विद्यार्थी या लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में परीक्षा दे सकता है।

11.3 जो परीक्षार्थी इस विनियम के अधीन अनुपूरक या वार्षिक परीक्षा में कम्पार्टमैंट विषय की परीक्षा देता है :—

(क) उसकी पूरी परीक्षा के लिए परीक्षा फीस देनी होगी, और

(ख) वह वजीफे, इनाम या तमगे प्राप्त करने के योग्य नहीं होगा।

12. वह विद्यार्थी जिसने परीक्षा के लिए शिक्षा का नियत कोर्स पूरा कर लिया है और वह परीक्षा न दे सका हो या यदि परीक्षा दी है तो फेल हो गया हो, तो उसे प्रिंसीपल द्वारा शिक्षा का नया कोर्स किए बिना, लेट कालेज विद्यार्थी की हैसियत में आगामी वार्षिक परीक्षा में ऐसी परीक्षा देने की सिफारिश की जा सकती है। परीक्षा में उसके दूसरी बार फेल हो जाने या परीक्षा न देने की हालत में, वह उसे सम्बद्ध कालेज में शिक्षा का नया कोर्स पढ़ने के बिना, परीक्षा में बैठने के योग्य नहीं होगा। यदि वह तीसरी बार भी फेल हो जाता है, तो उसे आगामी वार्षिक परीक्षा में कालेज के विद्यार्थी या लेट कालेज विद्यार्थी के तौर पर बैठने की अनुमति दी जा सकती है, परन्तु यदि वह पहले वर्ष की परीक्षा में चौथी बार भी फेल हो जाता है, तो उसे इसके पश्चात उस परीक्षा में कालेज विद्यार्थी या लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी। यह बात, विद्यार्थी को कम्पार्टमैंट विनियम के अधीन एक विषय में रि-अपीयर होने के अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी। जो विद्यार्थी दूसरे वर्ष/ तीसरे वर्ष की परीक्षा में चौथी बार फेल हो जाता है, वह ऊपर दी गई प्रक्रिया को दुहरायेगा।

13. सफल परीक्षार्थियों का, उन के पहले वर्ष, दूसरे वर्ष और तीसरे वर्ष की परीक्षाओं में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर निम्नानुसार वर्गीकरण किया जायेगा :—

(क) जो कुल अंकों के 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक फर्स्ट डिवीजन प्राप्त करते हैं।

(ख) जो 50 प्रतिशत से अधिक या 60 प्रतिशत ..... सैकन्ड डिवीजन से कम अंक प्राप्त करते हैं ।

(ग) जो कुल अंकों के 50 प्रतिशत से कम अंक ..... थर्ड डिवीजन प्राप्त करते हैं ।

14. परीक्षा कंट्रोलर परीक्षा समाप्त होने के चार सप्ताह पश्चात या उसके बाद जब भी तैयार हो, परिणाम घोषित करेगा ।

15. किसी कर्मचारी का पुत्र/पुत्री, जिसने बी० काम० पहले वर्ष/दूसरे वर्ष की परीक्षा किसी अन्य यूनिवर्सिटी से की हो और जिसकी बी० काम० फाईनल परीक्षा को इस यूनिवर्सिटी की बी० काम० फाइनल परीक्षा के बराबर माना गया हो, को उसके संरक्षक की इस यूनिवर्सिटी के अधिकार क्षेत्र में बदली हो जाने पर बी० काम० कोर्स की दूसरे वर्ष/तीसरे वर्ष की क्लास में दाखिल होने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते कि वह न्यून विषयों को, यदि कोई हों, आगामी दो लगातार परीक्षाओं में पास कर ले । यदि वह न्यून विषयों/कोर्सों को पास करने में असफल रहता है, तो उसका बी० काम० दूसरे वर्ष/तीसरे वर्ष, जैसी भी स्थिति हो, का परिणाम रद्द हो जायेगा ।

16. परिणाम अथवा ब्यौरेवार अंक कार्ड पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षा के प्रत्येक परीक्षार्थी को जारी किया जाएगा । तीसरे वर्ष (फाइनल) की परीक्षा पास करने वाले परीक्षार्थी को बैचुलर आफ कामर्स (जर्नल) या बैचुलर आफ कामर्स (आनर्स) जैसी भी स्थिति हो की डिग्री प्रदान की जायेगी जिसमें उसके द्वारा प्राप्त की गई डिवीजन को भी दर्ज कर दिया जायेगा ।

17. जिस व्यक्ति ने इस यूनिवर्सिटी से बी० काम० (जर्नल) या बी० काम० (आनर्स) की डिग्री के लिए योग्यता प्राप्त कर ली है, उसे प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में उन विषयों में जो उसने पहले पढ़े थे, पहले प्राप्त अंकों को बढ़ाने की दृष्टि से रि-अपीयर देने की अनुमति दी जा सकती है । वह पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षाओं या किसी एक परीक्षा में एक साथ या अलग-अलग तौर पर रि-अपीयर हो सकता है ।

इस मतलब के लिए, वह अपनी बी० काम०, तीसरे वर्ष की परीक्षा पास करने के तुरंत पश्चात शिक्षा वर्ष के सितंबर और/अथवा अप्रैल में परीक्षा दे सकता है ।

बैचुलर आफ कामर्स (आनर्स)

18. जिस परीक्षार्थी ने बी० काम० (जर्नल) के कुल अंकों में से कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लिए हैं, वह बी० काम० कोर्स में आनर्स करने के योग्य होगा ।

19. बी० काम० दूसरा वर्ष और बी० काम० तीसरा वर्ष की परीक्षाओं के अतिरिक्त, परीक्षार्थी नीचे दिए गए चार विषयों में से किसी एक में आनर्स ले सकता है :—

1. बिजिनस इकनामिक्स
   (i) इन्डस्ट्रियल एंड ट्रांसपोर्ट इकनामिक्स
   (ii) इन्टरनेशनल ट्रेड एण्ड फोरेन एक्सचेंज
2. बिजनिस ला
   (i) इकनामिक्स एंड लेबर लैजिस्लेशन
   (ii) बैंकिंग एंड इंश्युरेन्स लैजिस्लेशन
3. बिजनिस फाईनांस एंड अकाऊंटिंग
   (i) बिजनिस फाइनांस एंड फाईनांशल मैनेजमेंट
   (ii) अकाऊंटिंग थिउरी
4. बिजनिस मैनेजमेंट
   (i) मैनेजमेंट तकनीकें
   (ii) औरगेनाईजेशनल बिहेवियर

20. आनर्स परीक्षा में दो पेपर होंगे जिनमें से पेपर (i) दूसरे वर्ष की परीक्षा के साथ और पेपर (ii) बी० काम० तीसरे वर्ष की परीक्षा के साथ दिया जाएगा । प्रत्येक पेपर दो क्रैडिट का होगा ।

21. किसी भी विषय में आनर्स कर रहा परीक्षार्थी अपना परीक्षा फार्म नियम फीस के साथ परीक्षा कंट्रोलर को भेजेगा और इसके साथ संबद्ध कालेज के प्रिंसीपल द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित प्रमाण-पत्र भेजे जायेंगे :—

(i) सदाचरण का,

(ii) उस संस्था में जिसको आनर्स के विषय के लिए सबंधन मिला हो, उस अकादमिक काउंसिल द्वारा अनुमोदित किए अनुसार उस विषय में कार्य के प्रोग्राम के अनुसार आनर्स क्लास में दिए लैक्चरों के पूर्ण कोर्स में से कम से कम 60 प्रतिशत लैक्चरों में उपस्थित रहने का ।

22. परीक्षार्थी को बी० काम० दूसरा वर्ष और बी० काम० तीसरा वर्ष की परीक्षाओं के आनर्स पेपर देने के लिए सिंडीकेट द्वारा निर्धारित अतिरिक्त फीस देनी होगी ।

23. बी० काम० कोर्स में आनर्स के योग्य होने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक निम्नानुसार होंगे :—

(क) बी० काम० पहले दूसरे और तीसरे वर्ष की परीक्षाओं में कुल अंकों के 50 प्रतिशत अंक ।

(ख) आनर्स के विषय में युनिवर्सिटी परीक्षा में प्रत्येक पेपर में अलग-अलग 50 प्रतिशत अंक ।

24. (क) जिस परीक्षार्थी ने बी० काम० परीक्षा के लिए किसी विषय में आनर्स लिया है और जिसने कम्पार्टमेंट विनियम के अधीन (उस विषय को छोड़कर जिसमें उसने आनर्स लिया हुआ है) बी० काम० के जनर्ल कोर्स की दूसरे वर्ष की परीक्षा या तीसरे वर्ष की परीक्षा में किसी विषय या विषयों में रि-अपीयर होना है उसे आनर्स पेपर देने की अनुमति दी जाएगी परन्तु उसकी आनर्स परीक्षा का परिणाम केवल तभी घोषित किया जाएगा जब कम्पार्टमेंट विनियम

में की गई व्यवस्था के अनुसार निश्चित अवधि में वह परीक्षा पास कर लेता है ।

(ख) जिस परीक्षार्थी ने बी० काम० कनर्ल और आनर्स के दूसरे या तीसरे वर्ष के लिए शिक्षा का नियत कोर्स पूरा कर लिया है, और जो परीक्षा नहीं दे पाया या पूरी परीक्षा नहीं दे पाया, तो उसे आगामी वर्ष की वार्षिक परीक्षा में लेट कालिज विद्यार्थी के तौर पर बी० काम० दूसरे वर्ष या बी० काम तीसरे वर्ष, जैसी भी स्थिति हो, की जनर्ल कोर्स की परीक्षा के साथ आनर्स परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है ।

25. जो परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्जांच करवाना चाहता है, वह समय-समय पर यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार नियत फार्म पर परीक्षा कंट्रोलर को अपना प्रार्थना पत्र भेज सकता है ।

निरसन

कैलेंडर भाग II 1984 के पृष्ठ 289 से 297 के अनुसार बी० काम० थ्रिी कोर्स के भाग I और भाग II के लिए दाखिले के लिए जुलाई 1988, जिसमें जुलाई 1988 के आरंभ होने वाला शिक्षा-वर्ष भी शामिल से होगा, बन्द किए जायेंगे । बी० काम० भाग III (तीन) कोर्स के लिए दाखिला जुलाई 1989 के शिक्षा-वर्ष से बन्द किया जाएगा ।

अस्थाई विनियम

1.1. पुरानी स्कीम के परीक्षार्थीयों, जिन्होंने इस यूनिवर्सिटी से बी० काम I/II परीक्षा पास की है और जो पाईप-लाईन में हैं, उनको समोचित विनियमों के अंतर्गत नियम अवसरों के अनुसार 1993 तक पुरानी स्कीम के अधीन प्राईवेट परीक्षार्थीयों के रुप में क्रमानुसार बी० काम भाग II, और भाग III परीक्षाएं देने की अनुमति दी जाएगी । जो परीक्षार्थी 1993 तक यह परीक्षा पास नहीं कर सकेंगे, वे नई स्कीम के अधीन कोर्स में दाखिल होंगें ?।

1.2. जिन परीक्षार्थीयों ने पुरानी स्कीम के अधीन इस यूनिवर्सिटी से बी० काम० भाग 1 परीक्षा पास की है उसे नई स्कीम के अधीन कोर्स में दाखिला लेने की छूट होगी ।

5. कैलेंडर, भाग II, 1984 के पृष्ठ 81 पर गृह विज्ञान (पास) परीक्षा (संशोधित) में बैचलर आफ साइंस के लिए विनियम 2.1 निम्नानुसार होगा :—

2.1 जिस परीक्षार्थी ने बोर्ड आफ स्कूल एजूकेशन पंजाब हरियाणा/हिमाचल प्रदेश से शिक्षा की 10+2 पद्धति के अधीन + 2 परीक्षा अथवा इस यूनिवर्सिटी द्वारा मान्य उसके समान किसी बोर्ड/यूनिवर्सिटी से कोई अन्य परीक्षा पास की है, और जिसने इसमें अनिवार्य विषय के रूप में अंग्रेजी और दूसरे तीन विषय, जिनमें से कम से कम दो विषय नीचे दी गई सूची में से होंगे, लिए हों, वह बी०एस०सी० गृह विज्ञान (पास कोर्स) के पहले वर्ष (भाग I) की क्लास में दाखिल होने के योग्य होगा :—

(क) भौतिकी
(ख) रासायनिकी
(ग) जैविकी
(घ) गणित विज्ञान
(च) अर्थशास्त्र
(छ) समाज विज्ञान
(ज) मनोविज्ञान
(झ) गृह विज्ञान

6. कैलेंडर, भाग II, 1988 के पृष्ठ 54 पर बैचलर आफ आर्किटेक्चर (नई स्कीम) के लिए विनियम 2 निम्नानुसार होगा :—

2. जिस व्यक्ति ने भौतिकी, रासायनिकी, गणित विज्ञान और अंग्रेजी (सारे ही अनिवार्य विषयों के रूप में लिए हुए) के कुल अंकों में कम से कम 55 प्रतिशत अंकों से नीचे दी हुई परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की है, वह इस कोर्स में दाखिल होने के योग्य होगा :—

(क) पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10+2 पद्धति के अधीन ली जाने वाली +2 परीक्षा ।

(ख) सेंट्रल बोर्ड आफ सैकण्डरी एजूकेशन या इस यूनिवर्सिटी द्वारा मान्यताप्राप्त किसी अन्य बोर्ड/ यूनिवर्सिटी द्वारा ली जाने वाली 10+2 की पद्धति की + 2 परीक्षा ।

(ग) इस यूनिवर्सिटी की या इस यूनिवर्सिटी द्वारा मान्यता-प्राप्त किसी अन्य यूनिवर्सिटी/बोर्ड की बी० एस० सी० भाग I (नान मैडिकल)/प्री इंजीनियरिंग परीक्षा ।

(घ) सिंडीकेट द्वारा (क), (ख) और (ग), के समान मान्य कोई अन्य परीक्षा ।

बशर्ते कि कोई परीक्षार्थी बी० आर्किटेक्चर कोर्सों में दाखिल होने योग्य तभी होगा, यदि, प्रार्थनापत्र में प्रस्तुत करने से पहले, उसने अंग्रेजी, भौतिकी, रासायनिकी और गणित विज्ञान के चार विषयों को पास किया हो और इनमें कुल अंकों में से 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों, यद्यपि समोचित परीक्षा पास करने के बाद ही उसने इन में से कोई विषय अतिरिक्त विषय के रूप में पास किया हो ।

आगे बशर्ते कि संबंधित विषय, जिसको परीक्षार्थी ने अतिरिक्त विषय के रूप में पास किया है, बिलकुल उसी स्तर का हो जिस स्तर के चार विषय, जैसे भौतिकी, रासायनिकी, गणित विज्ञान और अंग्रेजी जिसे उसको बी० आर्किटेक्चर के दाखिले

के लिए (क), (ख) और (ग) में निर्धारित किए अनुसार योग्यता प्रदायी परीक्षा में पास करने की आवश्यकता है ।

7. कैलेंडर, भाग II, के जर्मन में पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स के लिए विनियम :

1.1 जर्मन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स की अवधि एक शिक्षा-वर्ष होगी ।

1.2 परीक्षा सिंडीकेट द्वारा निश्चित की गई तिथियों पर साधारणतया वर्ष में एक बार मई के महीने के महीने में होगी ।

1.3 परीक्षा के आरम्भ होने और 5/– रुपये की देरी की फीस के बिना और सहित परीक्षा दाखिला फार्म प्राप्त करने की तिथियां, जिन्हें सिंडीकेट निर्धारित करेगी, परीक्षा-कंट्रोलर द्वारा अधिसूचित की जाएगी ।

2. जिस व्यक्ति ने नीचे दी हुई परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की है, वह इस कोर्स में दाखिल होने के योग्य होगा:—

(क) जर्मन के विषय में 45 प्रतिशत अंकों से एस यूनिवर्सिटी की जर्मन में बी० ए० बी० एस० सी० और जर्मन में अडवांसड डिप्लोमा कोर्स या उस यूनिवर्सिटी द्वारा मान्यताप्राप्त यूनिवर्सिटी/ बोर्ड की इस परीक्षा के समान कोई अन्य परीक्षा ।

(ख) जर्मन के विषय में 45 प्रतिशत अंकों से इस यूनिवर्सिटी की इलैक्टिव विषय के तौर पर जर्मन सहित बी०ए० परीक्षा अथवा इसके समान इस यूनिवर्सिटी द्वारा मान्य यूनिवर्सिटी/बोर्ड की कोई अन्य परीक्षा ।

(ग) पंजाब यूनिवर्सिटी से, अतिरिक्त विषय के तौर पर जर्मन के साथ फर्स्ट डिवीजन में बी० ए०/ बी० एस० सी० परीक्षा ।

3.1 जिस व्यक्ति के पास विनियम 2 में निर्धारित योग्यताएं है और जो यूनिवर्सिटी के जर्मन विभाग के चेयरमैन/अध्यक्ष अथवा इस कोर्स के लिए यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध कालेज हस्ताक्षरित नीचे दिए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है, वह परीक्षा में बैठने के योग्य होगा :—

(क) सदाचरण का,

(ख) परीक्षा से पूर्व के शिक्षा-वर्ष मे विभाग/ कालेज, जैसी भी स्थिति हो, में उपस्थित रहने का, और

(ग) क्लास को प्रत्येक पेपर में दिए गए लैक्चरों में कम से कम 66 प्रतिशत में उपस्थित रहने का ।

3.2 लैक्चरों की निश्चित संख्या में न्यूनता माफ की जा सकती है :—

(i) विभाग के चेयरमैन/अध्यक्ष अथवा प्रिंसीपल, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा 15 लैक्चरोंतक,

(ii) विभाग के चेयरमैन/अध्यक्ष या प्रिंसीपल, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा सिफारिश करने पर यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शनज के डीन द्वारा 25 लैक्चरों तक ।

3.3 जो विद्यार्थी निश्चित लैक्चरों में उपस्थित रहने के पश्चात परीक्षा नहीं देता, या यदि परीक्षा देता है तो फेल हो जाता है, उसे विभाग के अध्यक्ष/कालेज के प्रिंसीपल, जैसी भी स्थिति है, द्वारा सिफारिश करने पर, कोर्स पूरा करने के तीन वर्ष की अवधि में, प्राईवेट परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है।

4. परीक्षार्थी द्वारा दी जाने वाली फीस 50/– रुपये होगी । प्राइवेट परीक्षार्थी से 10/– रुपये की अतिरिक्त फीस ली जाएगी ।

5.1 परीक्षा सीनेट द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार होगी ।

5.2 परीक्षा का माध्यम जर्मन होगा ।

6. परीक्षा पास करने के लिए न्यूनतम अंक निम्नानुसार होंगे :—

(क) प्रत्येक थिउरी पेपर में 40 प्रतिशत

(ख) मौखिक/प्रैक्टिकल में 40 प्रतिशत

(ग) कुल अंकों में 45 प्रतिशत ।

7.1 सफल परीक्षार्थियों का निम्नानुसार वर्गीकरण किया जाएगा :—

(क) जो कुल अंकों के 75 प्रतिशत या ..... विशिष्टता अधिक अंक प्राप्त करते हैं ।

(ख) जो कुल अंकों का 60 प्रतिशत या अधिक ..... फर्स्ट डिवीजन 75 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं

(ग) जो कुल अकों के 50 प्रतिशत का ..... सैकंड डिवीजन अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं ।

(घ) जो कुल अकों के 50 ०/० से कम ..... थर्ड डिवीजन अंक प्राप्त करते हैं ।

7.2 परीक्षा—कन्ट्रोलर परीक्षा समाप्त होने के चार सप्ताह पश्चात या जितनी जल्दी संभव हो, परिणाम घोषित करेगा ।

7.3 प्रत्येक सफल परीक्षार्थी को डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा जिसमें उस द्वारा प्राप्त की डिवीजन के साथ प्राप्त अंक और कुल अंक दिए जाएंगे ।

चंडीगढ़ : 160014
दिनांकित: 23-11-1989

एस० सी० धवन
डिप्टी रजिस्ट्रार (जर्नल)

मेरी उपस्थिति में आज नवम्बर 23, 1989 को पंजाब यूनिवर्सिटी की सामान्य सील द्वारा मुद्रांकित ।

एच० एल० शर्मा
[रजिस्ट्रार

वास्तुकला परिषद्

(वास्तुविद अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत निगमित)

नई दिल्ली, दिनांक 15 नवम्बर 1989

एफ नं० सी० ए० / 44/88—इस अधिसूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि वास्तुविद अधिनियम, 1972 की धारा 29 की उपधारा (III) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वास्तुकला परिषद् ने नीचे लिखे वास्तुविदों के नामों को मृत्यु के कारण नीचे उनके नामों के आगे लिखी तारीख से परिषद् के वास्तुविद रजिस्टर से काट दिया है।

क्रम सं०	रजिस्ट्रेशन नम्बर	नाम व पता	नाम काटने की तारीख
1.	सी० ए०/75/1412	श्री टी० आर० महेन्दू, 14 आसफ अली रोड, नई दिल्ली ।	31-5-1989
2.	सी०ए०/175/1780	श्री आर० एस० पथारे नोबल चेम्बर, पारसी बाजार स्ट्रीट, फोर्ट, बम्बई-400 001	31-5-1989
3.	सी० ए०/79/5003	श्री जे० जे० पाल 10 1027, किशन मेटू स्ट्रीट धनजाधर-613001	31-5-1989

